# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024







## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र-झारखंड में थमा चुनाव प्रचार, कल वोटिंग



**नई दिल्ली।** 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र और 81 सीटों वाले झारखंड में बाकी बची 38 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सोमवार शाम 6 बजे चुनाव प्रचार थम गया। इनके साथ ही उपचुनाव के लिए भी चुनाव प्रचार थम गया। अब कोई भी उम्मीदवार या किसी भी तरह से प्रचार नहीं कर सकता।

### छह राजदूतों ने राष्ट्रपति को सौंपे परिचय-पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में समारोह में द.अफ्रीका और म्यांमा सहित छह देशों के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए। इनमें स्विट्जरलैंड की राजदूत माया टिसफी, जॉर्डन के हाशमाइट साम्राज्य के राजदूत यूसुफ मुस्तफा अली अब्देल गनी और पापुआ न्यू गिनी के उच्चायुक्त विंसेंट सुमाले शामिल हैं।

### सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन तथा कारोबारी पर सीबीआई का शिकंजा

# पीएससी घोटाले में पूर्व चेयरमैन सोनवानी और कारोबारी एसके गोयल गिरफ्तार

*राज्य लोकसेवा भर्ती परीक्षा के घोटाला मामले में सीबीआई ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी तथा एक बड़े कारोबारी को गिरफ्तार किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बड़े कारोबारी एसके गोयल पर अपने रिश्तेदार को नौकरी लगवाने के नाम पर 45 लाख रुपए रिश्वत देने का आरोप है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 से 2022 में आयोजित सीजीपीएस परीक्षा में अफसर, नेताओं तथा प्रभावशाली लोगों के 18 रिश्तेदार, परिजन तथा करीबियों से रिश्वत लेकर डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित अन्य पदों पर चयन करने के आरोप हैं।

इस पूरी चयन प्रक्रिया को लेकर भाजपा नेता तथा पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने बड़े पैमाने पर घोटाला होने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके अलावा सीजीपीएससी के एक प्रतिभागी ने बालोद, अर्जुंदा थाने में फरवरी में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कारोबारी पर 45 लाख रुपए देने का आरोप



टामन सिंह सोनवानी



पीएससी भर्ती घोटाला मामले की जांच में जुटी सीबीआई ने जब्त किए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ दस्तावेज

सर्वर से डेटा रिकवर किया जाएगा

कई और लोग शक के दायरे में

साक्षात्कार लेने वालों पर भी शिकंजा

### पीएम मोदी ने दी थी कार्यवाही की गारंटी

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान छत्तीसगढ़ पीएससी में अभ्यर्थियों के चयन में धांधली का मामला जोर-शोर से उठा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान रायपुर की एक सभा में छत्तीसगढ़ पीएससी में गड़बड़ी करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गारंटी दी थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ की ▶▶|शेष पेज 4 पर



## शराब घोटाला में ईडी, ईओडब्लू के बाद अब सीबीआई की एंट्री, एपी त्रिपाठी से होगी पूछताछ



एपी त्रिपाठी

- आने वाले दिनों में शराब घोटाला से जुड़े और अन्य पर सीबीआई शिकंजा कस सकती है



रायपुर सहित इन 15 जिलों में खपाया जाता था अन अकाउंटेड शराब

चार्जशीट बोलिस... 400 ट्रक शराब की होती थी हर महीने अवैध बिक्री, नेताओं को दिए जाते थे 10 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चर्चित दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईडी, ईओडब्लू के बाद सीबीआई की एंट्री हो गई है। शराब घोटाला मामले को लेकर राज्य सरकार ने अरुण पति त्रिपाठी से पूछताछ करने सीबीआई को अनुमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग के विशेष सचिव रहे एपी त्रिपाठी के खिलाफ झारखंड में शराब घोटाला करने को लेकर अपराध दर्ज है। सूत्रों के मुताबिक एपी त्रिपाठी से पूछताछ के आधार पर सीबीआई आने वाले दिनों में शराब घोटाला से जुड़े अन्य लोगों से पूछताछ कर सकती है। एपी त्रिपाठी वर्तमान में जगदलपुर जेल में बंद है। शराब घोटाला मामले का सुप्रीम कोर्ट में केस खारिज होने के बाद ईडी घोटाला मामले को नए सिरे से ईसीआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही मामले की जांच राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम कर रही है।

ईडी ने अपनी जांच में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा शराब घोटाला होने का उल्लेख किया है। ईडी तथा ईओडब्लू ने शराब घोटाला के किंग पीन के रूप में अनवर ढेबर तथा अनिल टूटेजा के नाम का उल्लेख किया है। अनवर ढेबर पर सिंडिकेट बनाकर अनिल टूटेजा तथा एपी त्रिपाठी के माध्यम से शराब घोटाला करने पटकथा लिखने का आरोप है।

### सीबीआई इन मामलों की जांच कर रही

राज्य सरकार की अनुसंसा पर सीबीआई अफसर सीजीपीएससी घोटाला तथा बिरनपुर मामले में अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रहे हैं। शराब घोटाला को लेकर सीबीआई के अफसर आने वाले दिनों में एपी त्रिपाठी तथा अन्य से पूछताछ करने के बाद नए सिरे से अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर सकते हैं।

*विवाद सुलझाने गए युवक का अपहरण बदमाशों ने दूसरी जगह ले जाकर हत्या की*

# शराब दुकान में विवाद के बाद दो युवकों की चाकू मारकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में चाकूबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार देर शाम दो युवकों की बदमाशों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी। हत्या की वारदात विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित आमासिवनी शराब दुकान के पास हुई। चाकूबाजी किन कारणों से हुई, इसका पुलिस ने अब तक खुलासा नहीं किया है। बताया जा रहा है, विवाद सुलझाने गए एक युवक का बदमाशों ने अपहरण किया और किसी अज्ञात जगह ले जाकर चाकू मारकर हत्या कर दी। इधर मृत युवक के परिजनों ने ▶▶|शेष पेज 4 पर



हरीश साहू
मृतक



रोहित सागर
मृतक

### मोहल्ले से अपहरण कर ले गए

हरीश के भाई के मुताबिक, 25-30 की संख्या में बदमाश आमासिवनी के पास से हरीश का अपहरण कर किसी अज्ञात स्थान पर ले गए और वहां चाकू से हत्या कर दी। रोहित को उसका भाई जानता तक नहीं है। मौके पर विवाद होते देख वह विवाद सुलझाने के लिए गया था।

### पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप

हरीश के परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बदमाशों ने हरीश की हत्या की है। पुलिस बदमाशों को पकड़ने के बजाय हरीश के पिता तथा चाचा के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें जबरन उठाकर थाने ले गई।

## हत्या के गवाहों पर कातिलाना हमला, लाठी लोहे के पाइप और पत्थर लेकर घर घुसे गुंडे



- सुभाष नगर देवार पारा में दीपावली की रात कृष वर्मा की हुई थी हत्या

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर देवार पारा में हत्या के गवाहों पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना रविवार देर शाम की है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ हत्या की कोशिश तथा बलवा का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक ज्योति बुंदेले की शिकायत पर मनोज, मनीष गंगा, दीवाना, संदीप, अमन तथा अन्य ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एसपी ऑफिस में आवेदन देकर जताई थी हमले की आशंका

ज्योति के अनुसार कृष वर्मा की हत्या की गवाह बनने पर आरोपियों के परिजन उन्हें पहले भी धमकी दे चुके हैं। इस बात की उन लोगों ने एसएसपी कार्यालय में आवेदन देकर हमले की आशंका जताई थी। ज्योति ने पुलिस को बताया है कि हत्या के आरोपियों के परिजन उन्हें गवाही नहीं देने तथा झूठी गवाही देने दबाव बना रहे थे। गवाही देने से पलटने तथा झूठी गवाही देने से इनकार करने पर बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला किया।

### मस्जिदों में 22 नवंबर से होगा एक्शन, आदेश न माना तो सख्ती

# सलीम ने कहा- मस्जिदों को बना रखा है राजनीति का अड्डा, बताएं नमाज के पहले क्या बयान दिया

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज के बयान ने छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश में हलचल मचा दी है। डा. सलीम ने कहा है कि मुतवल्लियों ने मस्जिदों को राजनीति का अड्डा बना रखा है। नमाज के बाद वे राजनीतिक भाषण देते हैं। केंद्र सरकार के ▶▶|शेष पेज 4 पर





### छत्तीसगढ़ में आग न लगाए औवेसी : झा

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने ओवैसी की आलोचना को खारिज करते हुए कहा, सबसे पहली बात तो यह कि वक्फ बोर्ड किसी सरकार के सीधे अधीन नहीं होता। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड में अभी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### विवाद में ओवैसी भी कूदे, झा का पलटवार

मामले को लेकर एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने इस आदेश को संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन बताते हुए सरकार पर निशाना साधा है। वहीं ओवैसी के बयान पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड एक स्वायत्त संस्था है और यह फैसला कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया वक्फ बोर्ड के पास ऐसी कोई ताकत नहीं है। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार का वक्फ बोर्ड चाहता है कि जुमा में बयान देने से पहले खतीब अपने तकरीर की जांच वक्फ बोर्ड से ▶▶|शेष पेज 4 पर




# झारखंड में अब तक अकेले किसी को नहीं मिला बहुमत

## 20 नवंबर को होगा दूसरे व अंतिम चरण के लिए मतदान

### एक बार 10 के आंकड़े के पार पहुंचे हैं सिर्फ 4 दल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

24 साल पुराने झारखंड राज्य ने 13 मुख्यमंत्री देखे, तीन बार राष्ट्रपति शासन देखा और निर्दलीय विधायक को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज होते भी देखा। राज्य का नाम आते ही जेहन में तस्वीर उभरती है सियासी लिहाज से अस्थिर राज्य की। लेकिन इस अस्थिरता के पीछे क्या है? इस अस्थिरता के पीछे है सूबे की सत्ता का वह अंकगणित, जिसे साध कोई भी सियासी दल बहुमत के लिए जरूरी 41 के जादुई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। चार चुनाव बीत चुके हैं और प्रदेश पांचवी बार अपना भाग्य विधाता चुनने के लिए वोट करने जा रहा है। ऐसे में बात चुनावी अतीत की भी हो रही है। झारखंड का चुनावी अतीत क्या कहता है?

**विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 81**

झारखंड विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 81 है। 81 सदस्यों वाले सदन में बहुमत के लिए जरूरी जादुई आंकड़ा 41 सीटों का है। देखने में यह संख्या भले ही कम लग रही हो लेकिन झारखंड के चुनावी समर में उतरने वाले हर दल के लिए यही संख्या किसी बहुत ऊंची पर्वत चोटी से कम नहीं। कम से कम अभी तक हुए चार विधानसभा चुनावों में तो कोई भी दल इस आंकड़े तक नहीं पहुंच सका है। झारखंड चुनाव 2014 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को 37 विधानसभा सीटों पर जीत मिली थी और यही सूबे के चुनावी इतिहास में किसी दल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**एक चुनाव में 10 के पार पहुंचे थे चार दल**

झारखंड चुनावों के अतीत पर नजर डालें तो सूबे में अब तक केवल एक चुनाव में ऐसा हो सका है जब चार पार्टियों को 10 या उससे ज्यादा सीटों पर जीत मिली थी। ऐसा 2009 के विधानसभा चुनाव में हुआ था जब बीजेपी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), दोनों ही पार्टियों को 18-18 सीटों पर जीत मिली थी। तब कांग्रेस ने भी 14 और झारखंड विकास मोर्चा ने 11 सीटें जीती थीं।


बाबुलाल मरांडी


हेमंत सोरेन

**दो बार 30 के फेर में फंसे दल**


झारखंड के दो चुनाव ऐसे भी रहे जब सियासी दल 30 के फेर में फंसे। 2005 के झारखंड चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ा दल बनकर उभरी लेकिन सीटें उसकी 30 थीं। यही इतिहास दोहराया गया 2020 के विधानसभा चुनाव में भी। साल 2020 के झारखंड चुनाव में जेएमएम सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और उसकी सीटें भी 30 ही रहीं. 2005 में जेएमएम 17 सीटें जीतकर दूसरे नंबर पर रही थी और तीसरे नंबर की पार्टी कांग्रेस नौ सीटों के साथ सिंगल डिजिट में रही थी। 2020 के चुनाव में भी नंबर तीन कांग्रेस ही रही लेकिन सीटें इस बार 16 थीं।

**इस बार की सियासी तस्वीर**

झारखंड के इस चुनाव में पुराने ट्रेंड को देखते हुए हर दल सतर्क है और उसी के हिसाब से रणनीति सेट कर, अलग-अलग दलों और छोटी पार्टियों को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरा है। बीजेपी ने सुदेश महतो की अगुवाई वाली ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के साथ ही नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के साथ गठबंधन किया है। वहीं, सत्ताधारी जेएमएम के साथ कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और लेफ्ट पार्टियां हैं। चुनाव के बाद सरकार गठन की कवायद जोड़तोड़ के फेर में ना फंसे, इसे लेकर सतर्क दोनों ही प्रमुख पार्टियों बीजेपी और जेएमएम ने चुनाव पूर्व छोटे-छोटे वोटबैंक को टार्गेट कर गठबंधन किया। अब गठबंधन का यह गणित किसके लिए कितना मुफीद साबित होता है, यह 23 नवंबर की तारीख बताएगी।

## खबर संक्षेप

### कल से लाओस में होगी रक्षा मंत्रियों की बैठक



**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** वैश्विक तनाव और हिंद-प्रशांत की चुनौती के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11वें आसियान-प्लस (एडीएमएम-प्लस) समूह के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार, 20 नवंबर से लाओस की राजधानी वियनतियाने की तीन दिवसीय यात्रा (20 से 22 नवंबर तक) पर रहेंगे। इसमें वह क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर मंच को संबोधित करेंगे।

### तेलंगाना में अब इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर नहीं लगेगा टैक्स



**नई दिल्ली।** देश में रोजाना पेट्रोल और डीजल की कारों से चलना अब काफी महंगा पड़ने लगा है। ऐसे में लोग अब इलेक्ट्रिक कारों की शिफ्ट हो हैं। तेलंगाना सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी को लेकर बड़ी घोषणा की है। तेलंगाना सरकार ने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में अगर आप इलेक्ट्रिक वाहन खरीदते हैं तो आपको कोई टैक्स नहीं देना होगा।

### प्रदूषण : लाहौर, मुलतान में लॉकडाउन की घोषणा



**लाहौर।** प्रदूषण से सिर्फ दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में ही कोहराम नहीं मचा है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में तो हाहाकार मच गया है। वहां के पंजाब प्रांत के दो शहरों लाहौर और मुल्तान में पूरी तरह लॉकडाउन लगा दिया गया है। प्रदूषण से हालात इतने बदतर हैं कि मुल्तान शहर में एक्यूआई2000 पार कर गया है, जबकि लाहौर में लगातार एक्यूआई1100 के पार बना हुआ है।

# राहुल ने बताया मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे का मतलब

**मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जमकर साधा निशाना**

*महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला और मोदी के नारे 'एक हैं तो सेफ हैं' का मतलब बताया। राहुल ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक तिजोरी खोली और उसमें से गौतम अदाणी और पीएम मोदी का एक पोस्टर निकाला। कांग्रेस नेता ने धारावी की भी तस्वीर भी दिखाई और सवाल करते हुए कहा कि एक कौन हैं, सेफ कौन हैं और सेफ किसका है।*

### तिजोरी खोलकर पीएम मोदी और उद्योगपति अदाणी का निकाला पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राहुल ने कहा कि धारावी की जमीन वहां रहने वाले लोगों की है। वे वहां वर्षों से रह रहे हैं। धारावी को कन्वर्ट करने में कई सारी समस्याएं हैं। मैंग्रोव की जमीन छीनी जा रही है। एक व्यक्ति के लिए सारे नियम बदल दिए गए। देश के पोर्ट, एयरपोर्ट, डिफेंस इंडस्ट्री, धारावी सारा कुछ उस एक व्यक्ति को सौंपा जा रहा है, जिसका प्रधानमंत्री से पुराना रिश्ता है। अदाणी प्रधानमंत्री की मदद लिए बिना धारावी की जमीन लोगों से नहीं ले सकते हैं।




**गरीबों व अरबपतियों के बीच का चुनाव**

गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव गरीबों और चंद अरबपतियों के बीच का चुनाव है। अरबपति चाहते हैं कि मुंबई की जमीन उन्हें मिले। करीब 1 लाख करोड़ रुपए एक अरबपति को देने की तैयारी है। कांग्रेस पार्टी की सोच है कि महाराष्ट्र के किसानों, गरीबों , बेरोजगारों की मदद हो। राज्य के लिए महंगाई, बेरोजगारी मुख्य मुद्दे हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अदाणी टेंडरिंग प्रक्रिया कैसे काम करती है, यह सभी जानते हैं। सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग का इस्तेमाल लोगों पर दबाव बनाने के लिए कैसे किया जाता है, यह सभी जानते हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर हमने इसका उदाहरण देखा। लेकिन सच्चाई यह है कि पूरा देश जानता है कि अदाणी को पीएम मोदी का पूरा समर्थन प्राप्त है और वह जो चाहते हैं, वह उन्हें मिल जाता है।

**नड्डा का पलटवार, बोले- आप एक होते हो तभी सेफ होते हो**



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को महाराष्ट्र में रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे का मखौल उड़ाए जाने को लेकर गुस्सा जताया और कहा कि एक हैं तो सेफ हैं का मतलब यह है कि अगर एकता है, तो हम सुरक्षित रहते हैं।' नड्डा ने कहा, 'पीएम मोदी जब कहते हैं कि एक हैं तो सेफ हैं, तो इसका मतलब होता है कि जब आप एक साथ रहेंगे तो सभी सुरक्षित रहेंगे।भाजपा प्रमुख ने आगे कहा कि राहुल गांधी हमेशा अकेले रहते हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि वह सुरक्षित हैं। राहुल को पहले कांग्रेस के नेताओं को एकजुट करना चाहिए, तभी वे देश की एकता और सुरक्षा की बात कर सकते हैं।

**'भारत को लूटने वाले सेफ का मतलब तिजोरी समझते हैं'**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी के मुंबई में किए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस को निचले स्तर का बताया। उन्होंने कहा, 'जिसकी जैसी भावना होती है, उसे सेफ का अर्थ भी वैसा ही समझ आएगा। हमारे नेता पीएम मोदी के नारे एक हैं तो सेफ हैं में, सेफ का अर्थ सुरक्षा से है। पीएम मोदी इस बात की चिंता करते हैं कि भारत के लोगों को कैसे घुसपैठियों से सुरक्षित रखा जाए। वहीं, सेफ का अर्थ तिजोरी से भी होता है, जो राहुल गांधी समझते हैं। कांग्रेस तिजोरी में सेंध मारती है। वर्षों से दादा, परदादा, दादी, पापा-मम्मी सबने मिलकर सेंध मारने का काम किया है।'

# लॉरेंस का भाई 10 लाख का इनामी अनमोल अमेरिका में गिरफ्तार

**बाबा सिद्दीकी मर्डर समेत हाई-प्रोफाइल केस में वांटेड**

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन



गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। अनमोल को कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया। मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के छोटे भाई के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका को प्रस्ताव भेजा था। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया था कि अनमोल बिश्नोई उनके देश में मौजूद है। अनमोल पर 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हाल ही में अनमोल बिश्नोई के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख का इनाम देने की घोषणा की थी। एनआईए ने अनमोल बिश्नोई के खिलाफ 2022 में दर्ज दो मामलों में आरोप पत्र दायर कर दिया है। पिछले महीने, मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने स्पेशल मकोका कोर्ट में यह कहते हुए याचिका दायर की थी कि वह भगोड़े अपराधी अनमोल बिश्नोई की प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू करना चाहती है। लॉरेंस और अनमोल बिश्नोई को 14 अप्रैल को बांद्रा इलाके में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी के मामले में मुंबई पुलिस ने वांटेड घोषित किया है। इस केस में दायर चार्ज शीट में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई और अनमोल बिश्नोई का नाम आरोपी के रूप में दर्ज किया है।

**बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में नाम**

बाबा सिद्दीकी मर्डर मामले में मुंबई पुलिस को अनमोल की तलाश है। मुंबई पुलिस की जांच में दावा किया गया है कि अनमोल ने एक अन्य आरोपी सुजीत सुशील सिंह के माध्यम से हथियार और वित्तीय मदद उपलब्ध कराई थी। अनमोल ने कथित तौर पर सिद्दीकी और उसके बेटे जीशान की तस्वीरें स्नैपचैट के माध्यम से किराए के शूटरों को भेजीं। शूटरों ने हत्या से एक महीने पहले इलाके की रेकी की थी।

# किसी पर आंच नहीं, अब तक एफआईआर नहीं

**झांसी अग्निकांड के हुए 48 घंटे**

**12 नवजातों की मौत का जिम्मेदार कौन?**

एजेंसी ▶▶| झांसी



यूपी के झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में अग्निकांड की घटना के 48 घंटे बाद भी कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। इसके अलावा घटना को लेकर अस्पताल के किसी कर्मचारी की जवाबदेही भी तय नहीं की गई। जबकि घटना की एक जांच पूरी हो चुकी है। अन्य जांचें जारी हैं। मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई थी। घटना में 10 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक नवजात ने रविवार को दम तोड़ दिया। जबकि एक और नवजात ने सोमवार को दम तोड़ दिया। 12 नवजात की मौत हो चुकी है। इस घटना की मंडलायुक्त द्वारा जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। जबकि, स्वास्थ्य चिकित्सा महानिदेशक की अगुवाई में एक उच्चस्तरीय टीम सोमवार को यहां आकर जांच शुरू करेगी।

**अब तक जवाबदेही तय नहीं**

इसके अलावा घटना को लेकर मेडिकल के किसी कर्मचारी, अधिकारी व अन्य किसी की अब तक जवाबदेही तय नहीं की गई है। यह स्थिति तब है, जब यह मामला लखनऊ से लेकर दिल्ली तक में गूंज रहा है और विपक्षी दल इसे मुद्दा बनाए हुए हैं। नवजातों की मौत को लेकर विपक्षी दल लगातार सरकार को घेर रहे हैं।

**फायर ऑडिट में मिली थीं खामियां :** मेडिकल कॉलेज में आग से बचाव के समुचित इंतजाम नहीं थे, इसकी पुष्टि फरवरी में हुई फायर ऑडिट रिपोर्ट में हुई है। इन कमियों को दूर करने के लिए कॉलेज प्रशासन ने शासन को एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा था।

# 'एक तिहाई ऋण वसूली न्यायाधिकरण बंद, केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए देशभर में ऋण वसूली न्यायाधिकरण में खाली पड़े पदों को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की सदस्यता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता निश्चय चौधरी की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में याचिकाकर्ता ने ऋण वसूली न्यायाधिकरण में खाली पड़े पदों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्रालय से जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि देश भर में एक तिहाई यानी कि 39 ऋण वसूली न्यायाधिकरण संचालित नहीं हो रहे हैं क्योंकि उनमें पीठासीन अधिकारी के पद खाली पड़े हैं। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कर्ज की वसूली का न्यायाधिकरण का मुख्य काम ही प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि देश में बैंक एंड फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स एक्ट, 1993 के तहत कर्जदारों से कर्ज की वसूली के लिए ऋण वसूली न्यायाधिकरण की स्थापना की गई थी।



■ सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब


**वित्त मंत्रालय से पूरा रिकॉर्ड पेश करने की मांग**

याचिका में मांग की गई है कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय को डीआरटी में पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति और उनके चयन के संबंध में पूरा रिकॉर्ड सुप्रीम कोर्ट में पेश किया जाए। साथ ही समय पर डीआरटी में नियुक्तियां की जाने की भी मांग की गई है ताकि इन न्यायाधिकरणों का काम सुचारू रूप से जारी रहे। साथ ही मांग की गई है कि जो न्यायाधिकरण संचालित नहीं हो रहे हैं, उनके कर्मचारियों को अन्य न्यायाधिकरणों में समायोजित किया जाए।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट) बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा® मलहम दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

**नया बदलाव कर बच्चों को प्रेरित करने की पहल**

# कोच्चि के सीबीएसई स्कूलों में मार्क्स-ग्रेड की जगह इमोजी




एजेंसी ▶▶| कोच्चि

केरल के कोच्चि के कई सीबीएसई स्कूलों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दरअसल इन स्कूलों में बच्चों को मार्क्स या ग्रेड की जगह इमोजी दिए जा रहे हैं। इन इमोजी के माध्यम से बच्चों के रिजल्ट को दिखाया जा रहा है। यह बदलाव नई शिक्षा नीति (नेप) 2020 और सीबीएसई द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप है। इस शैक्षणिक वर्ष से किंडरगार्टन से कक्षा 2 तक के छात्रों के लिए एक ' समग्र रिपोर्ट कार्ड ' पेश किया गया है, जो पारंपरिक लिखित परीक्षाओं के बजाय उनकी गतिविधियों के आधार पर बच्चों के मूल्यांकन पर फोकस करता है। वहीं, कोच्चि के सीबीएसई स्कूल के एक शिक्षक ने बताया कि आप इस नए तरीके के बाद बच्चों के उत्साह की कल्पना कर सकते हैं। आप कल्पना करिए कि आपके मार्क्स के बजाय इमोजी है, जिसमें ताली बजाते, स्टार या फिर ट्रॉफी को दिखाया गया है। मेरा मानना है कि इस के इमोजी का कहीं ज्यादा असर होगा। साथ ही बच्चों को बेहतर प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन नए सिस्टम का फोकस स्किल्स डेवलपमेंट के अलावा संचार कौशल को बेहतर बनाना है। यह नई शिक्षा नीति का हिस्सा है, जिसे तकरीबन 4 साल पहले 2020 में लाया गया था।

**यह नई शिक्षा नीति है बेहद खास**

*विशेषज्ञों ने बताया, यह शिक्षा नीति नई प्रणाली संचार, सक्रिय शिक्षण और समग्र स्वास्थ्य और कल्याण जैसे कौशल पर जोर देती है। प्रश्न पत्रों पर निर्भर रहने के बजाय छात्रों का मूल्यांकन प्रोजेक्ट वर्क, पूछताछ-आधारित कार्यों, क्विज और ग्रुप एक्टिविटी के जरिए किया जा रहा है। इससे बच्चों की भावनात्मक और सामाजिक क्षमताओं के साथ-साथ शारीरिक समन्वय का बेहतर विकास हो रहा है।*

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925 SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश) स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553 नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव * बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध) श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**1 दिसंबर को मैराथन**

विजेताओं को मिलेगा पुरुस्कार




## हरिभूमि-आईएनएच के साथ सेहत बनाने मिलकर दौड़ेंगे, धावक, खिलाड़ी और विद्यार्थी समेत सब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित अखबार दैनिक हरिभूमि और हरिभूमि समूह के आईएनएच चैनल द्वारा एक दिसंबर को राजधानी रायपुर में मैराथन दौड़ का बड़ा आयोजन किया गया है। इसमें दस और पांच किलोमीटर के दो वर्ग रखे गए हैं। दोनों वर्ग में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष और ▶▶शेष पेज 4 पर



### मरीन ड्राइव से शुरू होगी दौड़

*मैराथन के लिए हरिभूमि-आईएनएच की टीम जुटी हुई है। मैराथन का प्रारंभ एक दिसंबर को राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव से होगा। मैराथन में प्रदेशभर के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें स्कूल के साथ कॉलेज के विद्यार्थी और ओपन वर्ग के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रदेश के धावक लगातार पंजीयन करा रहे हैं। सभी धावकों को प्रतियोगिता के लिए टी-शर्ट मुफ्त में दी जाएगी। इसी के साथ पदक और प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे।*

### हिस्सा लेने पंजीयन कराना जरूरी

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए **ironlife.in** जाकर अपना नाम व पता संबंधित जानकारी देने होगी। इसके बाद पंजीयन का नंबर आपको प्राप्त हो जाएगा। 10 किलोमीटर की एक दौड़ सुबह 6:30 बजे शुरू होगी और दूसरी 5 किलोमीटर की दौड़ 7 बजे होगी।

### प्रदेशभर से पहुंचेंगे धावक खिलाड़ी

मैराथन को लेकर सभी वर्गों के लोग पंजीयन करवा रहे हैं। बच्चे, युवा समेत पुरुष व महिलाएं भी इस मैराथन में हिस्सा लेंगे। हर दिन प्रदेश के विभिन्न राज्यों से धावक बड़ी संख्या में अपना पंजीयन करवा रहे हैं। कॉलेज और स्कूली बच्चे भी जुड़ेंगे। बता दें कि मैराथन के जरिए फिट और सेहतमंद रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। लोगों को मैराथन से जोड़ने के लिए प्रदेश के धावक खिलाड़ी भी जागरूक कर रहे हैं। सामाजिक संस्था व विभिन्न समाज के लोग एक साथ मैराथन में स्वस्थ शरीर के लिए मिलकर दौड़ लगाएंगे।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कोरोना काल में पैरोल पर गए 70 कैदी नहीं लौटे



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में पैरोल से जेल वापस नहीं लौटने वाले कैदियों के मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई में डीजी जेल ने जानकारी दी कि 83 कैदी पैरोल से नहीं लौटे थे। जिनमें 10 को गिरफ्तार कर लिया गया। 3 की मृत्यु हो गई है। अभी भी 70 कैदी पैरोल लेकर वापस नहीं लौटे हैं। अदालत ने डीजी जेल से ताजा रिपोर्ट शपथ पत्र मांगी है।

### मानहानि मामले में गीतकार जावेद बरी



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर के खिलाफ दर्ज मानहानि के मामले में उन्हें बरी कर दिया है। शिकायतकर्ता ने मामला वापस ले लिया है। मुलुंड के न्यायिक मजिस्ट्रेट आठ नवंबर को मामला वापस लिए जाने को मंजूरी दी।

### मूर्ति होंगे नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि के संजय मूर्ति भारत के अगले नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) होंगे। मूर्ति हिमाचल प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आईएएस के अधिकारी हैं। वह गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे। वह इस समय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में सचिव हैं। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने एक अधिसूचना में कहा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 148 के खंड (1) द्वारा दी गई शक्ति के आधार पर राष्ट्रपति ने के संजय मूर्ति को भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त किया है।

### दिल्ली-एनसीआर राज्यों में लागू हो ग्रैप-4, एक्यूआई 450 से नीचे जाने पर भी रहेंगे प्रतिबंध

# जहरीली हुई हवा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा-बंद किए जाएं दिल्ली-एनसीआर के सभी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में 12वीं तक से सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने एनसीआर के राज्यों को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए हैं। शीर्ष न्यायालय ने दिल्ली सरकार से भी सवाल किया है कि उन्होंने बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए क्या किया है?*

प्रदूषण में चिंताजनक वृद्धि रोकने के लिए कड़े कदम उठाने में विलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) राज्यों को ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंध लागू करने के लिए तुरंत टीम गठित करने का सोमवार को निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 450 से नीचे होने पर भी ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी राज्यों का संवैधानिक कर्तव्य है कि हर नागरिक प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहे। पीठ ने कहा, हम एक्यूआई का स्तर 450 से नीचे जाने की स्थिति में भी ग्रैप के चौथे चरण के तहत प्रतिबंधों को जारी रखने का निर्देश देते हैं। उसने सभी दिल्ली-एनसीआर राज्यों से 12वीं तक की कक्षाएं आयोजित ▶▶शेष पेज 4 पर

### इन पर लगी रोक

- आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या स्वच्छ ईंधन (एलएनजी/सीएनजी/बीएस-चार डीजल/ इलेक्ट्रिक) का उपयोग करने वाले ट्रकों को छोड़कर किसी भी ट्रक को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- इलेक्ट्रिक वाहनों, सीएनजी वाहनों और बीएस-चार डीजल वाले वाहनों को छोड़कर दिल्ली के बाहर पंजीकृत हल्के वाणिज्यिक वाहन भी प्रतिबंध के दायरे में होंगे।
- राजमार्ग, सड़क, पुल और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं सहित सभी निर्माण गतिविधियों पर अस्थायी रोक रहेगी।




### घर से काम करने की मांगी इजाजत

केंद्रीय सचिवालय सेवा अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन ने घर से काम करने, काम के घंटे अलग-अलग करने और सभी कार्यालय भवनों में एयर प्यूरीफायर लगाने की मांग की। सीएसएस फोरम ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव को लिखे पत्र में कहा कि खराब वायु गुणवत्ता का कार्यस्थल की उत्पादकता पर भी उल्लेखनीय प्रभाव पड़ा है।

### 15 उड़ानों का रूट बदला, कई में देरी



राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को खराब मौसम में निम्न दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 15 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया जबकि कई उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली में खराब मौसम के कारण दृश्यता घट गयी जिसके चलते विमानों के परिचालन पर इसका असर पड़ा। एयरइंडिया, 'स्पाइसजेट' और 'इंडिगो' जैसे एयरलाइन ने 'एक्स' के माध्यम से यात्रियों को सूचित किया कि प्रदूषण के उच्च स्तर से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी में निम्न दृश्यता के कारण उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। सुबह साढ़े आठ बजे और दोपहर तीन बजे के बीच 15 उड़ानों में से 14 को जयपुर और एक को देहरादून की ओर मोड़ दिया गया कुछ विमान चालकों को 'सीएटी-3' परिचालन के लिए प्रशिक्षण नहीं मिला था, जिसके कारण उड़ानों का मार्ग बदलना पड़ा।

## छग विस का शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसंबर तक

**विधानसभा में अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसंबर तक होगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। सत्र के दौरान कुल चार बैठकें होंगी। इसमें कई वित्तीय कार्य और शासकीय कार्य को संपादित ▶▶शेष पेज 4 पर

### विपक्ष लाएगा कई मुद्दे

विधानसभा सत्र इस बार हंगामेदार रह सकता है। शीतकालीन सत्र में कांग्रेस कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठा सकती है। विपक्ष द्वारा धान खरीदी, शराब एप समेत कई मुद्दों पर सियासी घमासान हो सकता है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही विधायकों द्वारा सवाल लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

## लॉटरी किंग के 22 ठिकानों पर छापेमारी, 12 करोड़ जब्त

**मनी लॉन्ड्रिंग केस**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में एक्शन तेज कर दिया है। सोमवार को ईडी ने मार्टिन और उसकी कंपनी मैसर्स फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कई प्रदेशों में 22 ठिकानों पर छापेमारी की।

### 622 करोड़ की प्रॉपर्टी सीज

जांच में एक और बात सामने आई की 90% लॉटरी टिकट 6 की फेस वैल्यू की बेची गई जिसमें इनामी राशि 10 हजार रुपये से कम थी, जिस पर टैक्स नहीं होता था। कंपनियों ने लॉटरी के इस बिजनेस में 920 करोड़ रुपये का काला धन अर्जित किया। इसमें से 622 करोड़ की प्रॉपर्टी को ईडी ने अटैच भी किया है।

## एक बार फिर दिल्ली कूच की तैयारी में किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

किसान एक बार फिर दिल्ली कूच करने की तैयारी में हैं। 6 दिसंबर को किसान शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच करेंगे। एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर किसान 13 फरवरी से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर के साथ ही खनौरी बॉर्डर पर धरना दे रहे हैं। किसानों का 13 फरवरी को दिल्ली कूच था, मगर उन्हें हरियाणा पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज ने आगे बढ़ने से रोक दिया था।

### 6 दिसंबर की तैयारी

6 दिसंबर को किसान दिल्ली कूच करेंगे, सरकार के पास 6 दिसंबर तक का समय है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि अगर सरकार हमारा मसला हल नहीं करती तो हम पीछे नहीं हटेंगे और हत्थों के साथ कूच करेंगे। हम वाहनों के साथ नहीं जाएंगे।

*मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक*

## बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने बनेगा टूरिज्म कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में चित्रकोट में आयोजित बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में बस्तर में पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म कॉरिडोर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बस्तर अंचल के पर्यटन के लिए चिन्हित स्थानों को विकसित करने के लिए ▶▶शेष पेज 4 पर

- **सौर समाधान एप और मनो बस्तर एप लॉन्च, ऊर्जा चलित पॉवर बैंक का शुभारंभ**



### मंत्रियों-जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

*उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वन मंत्री केदार कश्यप ने मत्स्यपालन, डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने और सामूहिक खेती को प्रोत्साहित करने के सुझाव दिए। वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने नैचुरल फॉर्मिंग प्रारंभ करने पोटा केबिन को स्थायी बनाने का सुझाव दिया। बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने बस्तर क्षेत्र में शिक्षा, उद्यमिता के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।*

### आकांक्षी जिलों में अभियान चलाकर रिक्त पदों की भर्ती

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में पुलिस बलों को बड़ी सफलता मिल रही है। प्रभावित क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को पहुंचाने 95 गांवों में सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने आकांक्षी जिलों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जिला प्रशासन को अभियान चलाकर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कांकेर कलेक्टर ने बताया कि रावघाट परियोजना का मुआवजा दिया जा चुका है।

**मणिपुर हिंसा पर केंद्र का बड़ा एक्शन**

## स्कूल-कॉलेज बंद, 5000 अतिरिक्त जवान होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन मणिपुर की सुरक्षा स्थिति और वहां सुरक्षाबलों की तैनाती की समीक्षा की। शाह ने शीर्ष अधिकारियों को जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में जल्द से जल्द शांति एवं व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर में मौजूदा 'अस्थिर' स्थिति से निपटने में राज्य सरकार की मदद के लिए लगभग 5,000 अर्धसैनिक बलों को भी वहां भेज रहा है।

### 'ऑल आउट' एक्शन प्लान

अब जो 'ऑल आउट' एक्शन प्लान तैयार किया गया है, उसमें विद्रोहियों को उनके ठिकानों पर दबिश देकर दबोचा जाएगा। मणिपुर में कितने सशस्त्र समूह सक्रिय हैं, उनके पास कौन से हथियार हैं, छिपने का ठिकाना और म्यांमार से लगते सीमावर्ती इलाकों में उनकी पहुंच, ये सभी जानकारी जुटा ली गई है। सेना, असम राइफल और सीएपीएफ के जवान, बॉर्डर के निकटवर्ती क्षेत्रों में छापामारी करेंगे।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री देशमुख की गाड़ी पर हमला, सिर पर आई चोट

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता अनिल देशमुख सोमवार रात नागपुर में गंभीर रूप से घायल हो गए, जब उनकी गाड़ी पर पथराव किया गया। घटनास्थल से सामने आए दृश्यों में देशमुख के सिर से खून बहता हुआ दिखा। गाड़ी के अंदर कांच के टुकड़े बिखरे पड़े दिखे। नारखेड गांव में अनिल देशमुख जब एक जनसभा में भाग लेने के बाद रात करीब आठ बजे कटोल लौट रहे थे, तब यह घटना घटी। कटोल के समीप बेलफाटा के पास अनिल देशमुख की गाड़ी पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव किया।

**कटोल से लौटते वक्त पथराव**



### कार पर आकर लगे दो पत्थर

*अनिल देशमुख की गाड़ी जब रास्ते से गुजर रही थी तो पथराव किया गया। पत्थर उनकी कार की विंडशील्ड पर आकर गिरा और सामने का कांट टूट गया। एक दूसरा पत्थर पिछली विंडो पर आकर लगा और खिड़की का शीशा चकनाचूर हो गया। इस हमले में अनिल देशमुख के सिर पर चोट लगी।*

### बेटे सलिल लड़ रहे चुनाव

यह घटना महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के आखिरी दिन हुई है। अनिल देशमुख के बेटे सलिल देशमुख राकांपा (एसपी) के टिकट पर कटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के चरणसिंह ठाकुर से है।

**वर्ष 2012 में भाजपा सरकार ने शुरू की थी पहल, राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना**

## सरगुजा में गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

खास खबर

राज्य सरकार द्वारा सोमवार को अधिसूचना जारी करने के साथ ही सरगुजा का बहुप्रतीक्षित गौरव गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व अस्तित्व में आ गया है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह क्षेत्र भारत का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व है। पहली बार तत्कालीन रमन सरकार ने वर्ष 2012 में गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व बनाने की योजना बनाई थी। शासन के निर्देश पर तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक केके बिसेन के नेतृत्व में वन अधिकारियों ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभयारण्य सहित आसपास के वनों ▶▶शेष पेज 4 पर

### मध्य भारत का बड़ा कॉरिडोर

गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के अस्तित्व में आने से बाघों के लिए लगभग एक हजार वर्ग किमी का सुरक्षित कॉरीडोर बन गया है। वैसे भी संजय टाइगर रिजर्व व बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से बीच-बीच में बाघ आते रहे हैं। पिछले साल एक बाघ ने एक महीने तक सरगुजा के विभिन्न जंगलों का भ्रमण कर पलामू टाइगर रिजर्व तक का सफर किया था।



### केन्द्रीय वन मंत्री ने दी बधाई

केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की अधिसूचना जारी होने पर अपने ट्विटर हैण्डल एक्स पर ट्वीट किया है तथा सभी को बधाई दी है। उन्होंने गुरु घासीदास नेशनल पार्क की आकर्षक तस्वीर भी साझा की है।

### चार जिलों से सटी है सीमा

गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की सीमा एमसीबी, कोरिया, सूरजपुर एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिला से सटी है तथा चारों जिले का 780.155 वर्ग किमी का इलाका टाइगर रिजर्व के बफर जोन में शामिल है। टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में गुरु घासीदास नेशनल पार्क का जनकपुर, ▶▶शेष पेज 4 पर

### होगा तेजी से विकास

शासन द्वारा अधिसूचना जारी करने के साथ ही गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व अस्तित्व में आ गया है। एनटीए द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार अब तेजी से दोनों वन क्षेत्रों का विकास होगा।

**-केआर बढ़ई,** सीएफ, वाइल्ड लाइफ

## चिंतन

# वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती बिल्कुल सही

प्रदूषण पर सख्ती दिखाकर सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट बिल्कुल सही किया है। कोर्ट ने एनसीआर में ग्रैप-4 लागू होने के बाद इसके प्रतिबंधों को तुरंत लागू करने का आदेश देते हुए कहा कि अदालत से बिना पूछे इसे न हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को पांच निर्देश भी जारी किए। दिल्ली, हरियाणा और यूपी राज्य सरकारें स्टेज 4 के प्रतिबंध तुरंत लगाएं और इनका सख्ती से पालन किया जाए। ये राज्य एक टीम बनाएं जो स्टेज 4 के लागू होने पर नजर रखे। अगर किसी प्रतिबंध का उल्लंघन किया जाता है, तो ऐसे केस सुलझाने के लिए मैकेनिज्म बनाया जाए। जब तक हम अगला आदेश नहीं देते, तब तक स्टेज 4 ग्रैप लागू रहना चाहिए, भले एक्यूआई 450 से नीचे आ जाए। 10वीं और 12वीं की कक्षाएं अभी भी लग रही हैं, एनसीआर में शामिल राज्य सरकारें तुरंत स्कूल बंद करने पर फैसला लें। असल में बीते कुछ दिनों से दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में प्रदूषण आपातकाल जैसे हालात हैं। दम घोंटू हवा के कारण जीवन कठिन हो गया है। दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद में प्रदूषण के हालात ये हैं कि लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे। अस्पतालों में सांस व स्किन के मरीजों की कतार लगातार लंबी होती जा रही है। वैसे तो पूरे देश की ही हालात खराब हो रहे हैं, लेकिन देश की राजधानी की स्थिति बद से बदतर है। देशभर में प्रदूषण के कारण बीते साल करीब 24 लाख भारतीयों ने दम तोड़ दिया, जिसमें से 16.7 लाख लोगों ने केवल वायु प्रदूषण के कारण अपनी जान गंवाई। यह आंकड़ा दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सबसे अधिक है। यह जानकारी लैंसेट के नए अध्ययन में सामने आई। वायु प्रदूषण के कारण होने वाली मौतों का आंकड़ा केवल भारत में 9.8 लाख है, वहीं 6.1 लाख लोग घर में वायु प्रदूषण की चपेट में आ गए। दुनियाभर की बात करें तो 2019 में 90 लाख लोगों की मौत हुई। यह दुनिया में होने वाली हर छठी मौत के बराबर है। लैंसेट के अनुसार, 90 लाख मौतों में से 66.7 लाख मौतें घरेलू और वातावरण में मौजूद वायु प्रदूषण के कारण हुईं। वहीं जल प्रदूषण से 13.6 लाख मौतें हुईं। इसके अलावा 9 लाख लोगों की मौत का कारण सीसे को माना गया। प्रोफेशन संबंधित प्रदूषण के संपर्क में आने से 8.7 लाख मौतें हुईं। साल 2000 में रासायनिक प्रदूषण से 90 हजार लोगों ने दम तोड़ दिया। 2015 में प्रदूषण के कारण इससे 17 लाख लोगों की मौतें हुई थीं। साल 2019 में इस तरह की मौत का आंकड़ा 18 लाख रहा। रिपोर्ट के प्रमुख लेखक रिचर्ड फुलर ने कहा कि प्रदूषण से सेहत पर पड़ रहे बुरे प्रभावों को लेकर वैश्विक स्तर पर किए गए प्रयास कामयाब नहीं दिखते। शोधकर्ताओं का कहना है कि प्रदूषण के कारण हो रहीं बीमारियां इस कदर जानलेवा होती हैं कि औसतन हर दिन 6,500 लोगों की मौतें हो रहीं हैं। कोरोना महामारी के कारण हो रही मौतों की तुलना करें तो प्रदूषण के कारण अधिक मौतें होती हैं। प्रदूषण के कारण होने वाली मौतों के कारण साल 2019 में करीब 356.66 लाख करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ था। यह वैश्विक आर्थिक उत्पादन के 6.2 फीसद के बराबर है। प्रदूषण से संबंधित 92 फीसद मौतें और प्रदूषण के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान का सबसे ज्यादा भार निम्न और मध्यम वर्ग के देशों पर पड़ रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाकर बिल्कुल सही किया है, लेकिन प्रदूषण केवल कोर्ट की कड़ाई से खत्म नहीं होगा। हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। तभी स्वच्छ हवा में सांस ले पाएंगे।

# शिक्षा में भारतीयता के पैरोकार दीनानाथ



स्मृति शेष
प्रणय कुमार

**दीनानाथ बतरा की प्रखर बौद्धिकता, गहरी सामाजिक-सांस्कृतिक समझ, प्रभावी संप्रेषणशीलता और सर्वसाधारण को समझने-समझाने की अद्भुत कला थी कि उन्होंने पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों में बदलाव जैसे शैक्षिक मुद्दे को जन-सरोकार में परिणत कर दिया था। इक्कीसवीं सदी का बीता ढाई दशक शिक्षा-क्षेत्र में उनकी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति एवं निर्णायक पहल के लिए याद रखा जाएगा। बतरा जी जैसे शिक्षाविदों के सतत प्रयास के बल पर देश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तो मिल गई, पर क्या उसके क्रियान्वयन की गति संतोषजनक है? ऐसे प्रश्नों का समग्र उत्तर बतरा को कृतज्ञ राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।**

भारत के शैक्षिक-सामाजिक परिवेश में बहुधा ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि कोई व्यक्ति अपने जीवन-काल में ही शिक्षा-क्षेत्र में किए गए प्रयोगों एवं आंदोलनों के कारण चर्चा और आकर्षण का केंद्र बिंदु बन जाए। पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों को सामान्यतः अरुचिकर एवं नीरस विषय माना जाता है। जनसामान्य तो क्या प्रबुद्ध वर्ग भी उसके प्रति प्रायः उदासीन ही रहता है। यह दीनानाथ बतरा की प्रखर बौद्धिकता, गहरी सामाजिक-सांस्कृतिक समझ, प्रभावी संप्रेषणशीलता और सर्वसाधारण को समझने-समझाने की अद्भुत कला थी कि उन्होंने पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों में बदलाव जैसे शैक्षिक मुद्दे को जन-सरोकार में परिणत कर दिया था। इक्कीसवीं सदी का बीता ढाई दशक शिक्षा-क्षेत्र में उनकी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति एवं निर्णायक पहल के लिए याद रखा जाएगा। गत 7 नवंबर, 2024 को दिल्ली में उनका निधन हो गया। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि भारतीय मूल्यों को पोषित करने वाली शैक्षिक संस्थाएं विद्या भारती, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, भारतीय शिक्षण मंडल आदि के वैचारिक अधिष्ठान को मजबूती पतथा उसे गति प्रदान करने में उन्होंने सक्रिय एवं अग्रणी भूमिका निभाई।

वे भारत और भारतीयता के प्रबल पक्षधर थे। पक्षधर होना एक बात है, परंतु जिसके पक्ष में खड़े हैं, उसके लिए निरंतर अध्ययन करना और आवश्यकता पड़ने पर उसके लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करना या न्यायालय के दरवाजे खटखटाना दूसरी बात। जब हम छोटे-छोटे स्वार्थ, प्रलोभन, सम्मान-पुरस्कार के मोहपाश, पुलिस-प्रशासन एवं निरंकुश सत्ताओं के दबाव तथा अहं के टकराव आदि के कारण झुकते, बुद्धिजीवियों को देखते हैं तो बतरा जैसे ध्येयनिष्ठ योद्धा का महत्त्व समझ में आता है। वे अपने ध्येय एवं संकल्प के लिए बड़ी-से-बड़ी शक्तियों से लड़ने की सामर्थ्य रखते थे। विचारधारा को ताक पर रखकर सत्ता-प्रतिष्ठानों से समझौता-समन्वय करने का भाव उनमें कभी नहीं रहा, न ही प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचने के बाद उनमें बुद्धिजीवियों में पाई जाने वाली चयनित-सुविधावादी तटस्थता ही देखने को मिली। सबको साथ लेकर चलने की सांगठनिक कुशलता एवं कार्यकर्ताओं के हितचिंतन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भी उन्होंने कभी तत्त्व-दर्शन को दृष्टिपथ से ओझल नहीं होने दिया।

साहस उनका इतना प्रबल था कि 30 मई, 2001 को उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को नोटिस भेजकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में विद्या भारती के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी को हटाने की पुरजोर मांग की। उन्होंने तमाम प्रामाणिक तथ्यों, तर्कों एवं साक्ष्यों के द्वारा कांग्रेस द्वारा लगाए गए इस आरोप को निराधार सिद्ध किया कि 'विद्या भारती की पाठ्यपुस्तकों में अल्पसंख्यकों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण हैं एवं वे जाति-व्यवस्था, सती-प्रथा एवं बाल-विवाह को उचित ठहराती हैं।' कांग्रेस के पास उनके अकाट्य तर्कों, साक्ष्यों आदि का कोई ठोस प्रत्युत्तर नहीं था। 2006 में उन्होंने एक जनहित याचिका दायर कर एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान एवं



इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में प्रकाशित सामग्री पर 70 आपत्तियां उठाईं। उन आपत्तियों के औचित्य एवं आधार का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उनमें से कुछ सामग्री में लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, बिपिन चंद्र पाल, अरबिंदो घोष एवं भगत सिंह को 'उग्रवादी' तथा प्राचीन काल में ब्राह्मणों एवं आर्यों को गोमांस का सेवन करने वाला तक बताया गया था। बतरा जी ने सप्रमाण यह सिद्ध किया कि ये मनगढ़ंत, मिथ्या एवं भ्रामक बातें हैं और इनका ऐतिहासिक तथ्यों से कोई लेना-देना नहीं है। बौद्धिक सत्य के प्रति उनके संघर्ष का ही परिणाम था कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी आपत्तियों का संज्ञान लेते हुए एनसीईआरटी को इन आपत्तियों का अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाने का निर्देश दिया। बाजारवादी शक्तियों और उनके बौद्धिक समर्थकों ने जब विद्यालयी स्तर पर यौन-शिक्षा को संपूर्ण देश में अनिवार्य किए जाने की मांग उठाई, तब दीनानाथ बतरा भारतीय समाज पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों एवं संभावित खतरों को समझने वाले प्रमुख व्यक्ति थे। तब उनके तार्किक प्रतिरोध के कारण ही कुछ प्रादेशिक सरकारों ने अपने राज्य में यौन शिक्षा को विद्यालयी स्तर पर अनिवार्य करने से मना कर दिया था। 2008 में उन्होंने शिक्षा बचाओ आंदोलन की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास के पाठ्यक्रम में से एके रामानुजन के निबंध 'थ्री हंड्रेड रामायणाज : फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स ऑन ट्रांसलेशन' को हटाने की मांग की, परिणामस्वरूप 2011 में विश्वविद्यालय के अकादमिक परिषद द्वारा उक्त निबंध को पाठ्यक्रम से हटा लिया गया। 3 मार्च, 2010 को उन्होंने वेंडी डोनिगर, पेंगुइन समूह, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं पेंगुइन इंडिया की सहायक कंपनी को एक वैधानिक चेतावनी भेजकर 'द हिंदुज : एन अल्टरनेटिव हिस्ट्री' में उल्लिखित सामग्रियों पर आपत्तियां उठाईं। उन आपत्तियों का संज्ञान न लिए जाने पर 2011 में उन्होंने डोनिगर एवं पेंगुइन प्रकाशन के विरुद्ध धार्मिक समुदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा जान-बूझकर अपमानित किए जाने की मंशा से किए गए कृत्यों के लिए मुकदमा भी दायर किया, अंततः फरवरी 2014 में पेंगुइन इंडिया को इस पुस्तक की मुद्रित सभी प्रतियां वापस लेने के लिए बाध्य होना पड़ा।

2011 में ही उन्होंने वामपंथी विचारधारा से प्रेरित पत्रिका 'द फ्रंटलाइन' के संपादक एन. राम को 'शॉर्टकट टू हिंदू राष्ट्र' शीर्षक से आवरण-कथा प्रकाशित करने के लिए वैधानिक चेतावनी भेजी। भारतवर्ष की महान परंपरा में किसी की मृत्यु को वैचारिक मतभेद प्रकट करने का अवसर नहीं माना जाता, परंतु दीनानाथ बतरा के प्रति 'द फ्रंटलाइन' पत्रिका की घृणा का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उनकी मृत्यु के मात्र दो दिनों बाद उसमें 'दीनानाथ बतराः द एजुकेशनिस्ट हू वेज्ड वार एगेंस्ट नॉलेज' शीर्षक से लेख छपा। उनके मरणोपरांत भी उनके विरुद्ध विषवमन करने में पत्रिका ने कोई संकोच नहीं दिखाया। सोचकर देखें कि सनातन विरोधी गतिविधियों पर उनकी कितनी सतर्क दृष्टि रही होगी कि वे अकेले उन शक्तिशाली संगठनों एवं प्रकाशकों से मोर्चा लेते रहे और उनके मनमानेपन पर एक सीमा तक लगाम लगाए रखी। उनके निधन के पश्चात यह विचार करना सर्वथा उचित रहेगा कि शिक्षा में जिन मूल्यों की स्थापना के लिए दीनानाथ बतरा जैसे योद्धा जीवनपर्यंत संघर्षरत रहे, उसमें कहां तक और कितनी सफलता मिली? क्या शिक्षा के भारतीयकरण एवं पाठ्यक्रम-परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है? सुखद है कि बतरा जी जैसे अनेक शिक्षाविदों के सतत चिंतन प्रयास एवं पुरुषार्थ के बल पर देश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जैसी युगांतकारी नीति तो मिल गई, पर क्या उसके क्रियान्वयन की गति संतोषजनक है? ऐसे सभी प्रश्नों का यथार्थ, प्रामाणिक एवं समग्र उत्तर बतरा जी को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
सुरेश हिंदुस्तानी



# भारत से प्रेरित ट्रंप की जीत

अमेरिका में रिपब्लिकल पार्टी की ऐतिहासिक विजय के बाद अब यह तय हो गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनेंगे। अमेरिका का इतिहास बताता है कि ट्रंप की यह जीत उनकी ऐतिहासिक वापसी है। अमेरिका में यह विजय किसी चमत्कार से कम नहीं है। 130 वर्ष के अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार है, ज़ब किसी ने यह कारनामा किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा, जिसमें पहली और तीसरी बार वे सफल रहे, दूसरी बार के चुनाव में जो बाइडेन से पराजित हो गए। इस चुनाव में पराजित होने के बाद ट्रंप अमेरिका में राजनीतिक तौर पर लगातार सक्रिय रहे। उनका मिशन फिर से राष्ट्रपति बनना ही था, जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम देकर एक नया कीर्तिमान बना दिया। चुनाव में उनकी प्रतिद्वंदी कमला हैरिस यकीनन राजनीतिक समझ रखती थी, लेकिन यह समझ सफलता की परिचायक नहीं बन सकी। यहां एक ख़ास तथ्य यह भी माना जा सकता है कि कमला हैरिस को भारतीय मूल का बताने का सुनियोजित प्रयास किया गया, ऐसा इसलिए किया गया कि भारतीय मूल के मतदाताओं को उनके पक्ष में लाया जा सके,



लेकिन वे जिन हाथों में खेल रही थी, वह लाइन भारत के लिए राजनीतिक तौर सही नहीं थी। वैश्विक राजनीति के जानकार ट्रंप की जीत कई निहितार्थ निकाल रहे हैं। कई विश्लेषक ट्रंप की जीत को भारत की कूटनीतिक सफलता के तौर पर भी स्वीकार कर रहे हैं। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत सरकार जिस नीति और विचार को लेकर कार्य कर रही है, उसकी झलक ट्रंप के विचारों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा ट्रंप का कहना है कि अमेरिका की खोई ताकत को फिर से प्राप्त करना चाहते हैं। आज अमेरिका कहने मात्र को ही महाशक्ति है, लेकिन उसका वैसा दबदबा आज नहीं है, जो पहले हुआ करता था। इस बीच भारत ने महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्र गति से अपने कदम बढ़ाए हैं, इसलिए आज विश्व के अनेक देश भारत को महाशक्ति के रूप में देखने लगे हैं। हमें स्मरण होगा कि रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के दौरान भारत के नागरिक पूरे सम्मान के साथ भारत लौटे थे। उस समय भारत के नागरिकों के समक्ष यूक्रेन की सेना ने अपने हथियार नीचे कर लिए थे। यह केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि भारत की शक्ति का ही परिचायक था। भारत की इस बढ़ती शक्ति से अमेरिका भी भली भांति परिचित है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बारे में कई बार यह कहा जा चुका है कि भारत चाहे तो युद्ध रुकवा सकता है। अमेरिका के इस चुनाव में भारत के लोकसभा चुनाव की तरह ही प्रचार किया गया। कई प्रकार के नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किए गए। वामपंथी विचार के मीडिया ने ट्रंप की राह में अवरोध पैदा करने के भरसक प्रयास किए। यही तो भारत में किया गया। वामपंथी समूह ने भारत के लोकसभा चुनावों में सरकार के विरोध में जहरीली भाषा का प्रयोग किया। फिर भी आख़रिकार नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो गए। विश्व के कई देश आज कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। कोरोना के बाद कई देशों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, उसे पटरी पर लाने के लिए उस देश की सरकार की ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें कई समस्याएं ऐसी हैं, जो सबके सामने हैं। आतंकवाद एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। अमेरिका भी इससे ग्रसित है। रूस और यूक्रेन की बीच तनातनी कम नहीं हो रही। इजराइल और हमास के बीच युद्ध है। अमेरिका में ट्रंप के पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद यह लग रहा है कि अब आतंक के सहारे भय का वातावरण बनाने वाले किसी भी कदम को रोकने का प्रयास किया जाएगा। अमेरिका में ट्रंप की जीत से पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश में सुगबुगाहट प्रारम्भ हो गई है, क्योंकि यह देश भारत को हमेशा अस्थिर करने की फिराक में रहते हैं। हम वह वाक्या अभी तक भूले नहीं हैं, ज़ब अमेरिका ने आतंक के विरोध में लादेन को मौत के घाट उतार दिया था, हालांकि उस समय अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा थे, लेकिन आतंक के विरोध में ट्रंप का भी वैसा ही रवैया माना जा सकता है। चीन के समक्ष भी स्थिति पैदा होती दिखाई दे रही है। अमेरिका हमेशा से ही पाकिस्तान से आतंक के विरोध में कार्यवाही करने के लिए कहता है, लेकिन जो देश आतंक के आकाओं के सहारे ही चल रहा हो, वह आतंक के विरोध में कैसे कार्यवाही कर सकता है। अब अमेरिका में ट्रंप के पुनः आने के बाद इस बात की संभावना बढ़ गई है कि पाकिस्तान दिखावे के लिए ही सही, लेकिन आतंक के आकाओं के खिलाफ एक्शन लेगा।

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
**दर्शन**

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लापरवाही के अग्निकांड कब रुकेंगे?

एक बार फिर कुछ लोगों की लापरवाही नवजात बच्चों की जान पर भारी पड़ गई। हाल ही में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी में आग लगने से कुछ नवजात बच्चों की मौत हो गई और कुछ घायल भी हुए हैं। देश में इससे पहले भी अग्निकांड के दुखद हादसे हो चुके हैं। इससे पहले गुजरात के राजकोट में गेम जोन में आग लगने से लगभग 20 लोगों की जान चली गई थी। दिल्ली के विवेक विहार में एक बेबी केयर सेंटर में भी भयानक आग लग गई थी। इसमें कुछ नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। नवंबर 2021 में एक सप्ताह में ही देश के विभिन्न राज्यों के दो अस्पतालों में आग की घटनाओं की खबरें सामने आई थीं। और भी कई हादसे हैं, परंतु इन हादसों पर रोक न लगना चिंता का विषय है।

*– मिलिंद देशपांडे, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### युवाओं के लिए अवसर



इस बार 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' के रूप में राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाएगा। यह युवाओं के लिए 'विकसित भारत' के निर्माण हेतु अपने विचार सीधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शेयर करने का अवसर बनेगा।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### शांति के लिए कदम बढ़ाएं



हमें शांति के लिए कदम बढ़ाना चाहिए। 'हर जगह, शांति के लिए मूल्यों पर आधारित कार्यों की आवश्यकता होती है यूएन चार्टर, कानून का शासन और संप्रभुता, राजनीतिक स्वतंत्रता और राज्यों की क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांत।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### ज़्यादा योगदान ग़रीबों का



मुंबई में रोज़ाना लाखों लोग आते हैं। देश की संपत्ति बढ़ाने में अपना योगदान देते हैं। देश की संपत्ति बढ़ाने में सबसे ज़्यादा योगदान ग़रीबों का है, छोटे व्यापारियों का है, श्रमिकों का है, वर्करों का है, ना कि मोदी जी के पूंजीपति मित्रों का है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### गीता के कुछ पन्ने पढ़ता हूं



मैं हर दिन गीता के कुछ पन्ने पढ़ता हूं और यह आश्चर्यजनक है कि हर बार उसी पन्ने का एक नया अर्थ होता है। मैं गीता की शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने की कोशिश करता हूं। इन सीखों को प्रत्येक सोमवार को मैं कुछ पंक्तियां साझा करूंगा।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**


## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ट्रंप का इमरान खान से कोई संबंध नहीं : तरार



डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक और प्रमुख पाकिस्तानी-अमेरिकी उद्योगपति साजिद तरार ने कहा है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति का पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं है। 'मुस्लिम फॉर ट्रंप' संगठन के प्रमुख साजिद तरार ने यह भी कहा कि ट्रंप भारत के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे और बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों पर कड़ी नजर रखेंगे। तरार ने कहा, 'पाकिस्तान में एक विशेष पार्टी द्वारा यह धारणा बनाई जा रही है कि उनके (खान के) डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यक्तिगत संबंध हैं। यह सच नहीं है। सच यह है कि बतौर राष्ट्रपति अपने कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने खान को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तैर पर 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि ट्रंप खान को जेल से बाहर निकालने के लिए पाकिस्तान के आंतरिक मामलों या उसकी न्यायपालिका में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। खान को पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा दायर पहले तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल गिरफ्तार किया गया था।

## ऑफ बीट

# कानूनी रूप से वैध जुए में नुकसान झेलते हैं प्रवासी



ऑस्ट्रेलिया में लोग हर साल कानूनी रूप से वैध जुए में करीब 25 अरब डॉलर गंवा देते हैं, जो दुनियाभर में व्यक्तिगत तौर पर होने वाले नुकसान का सबसे बड़ा कारण है। जुए से आर्थिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक नुकसान होता है और आपके प्रियजन, साथियों, सहकर्मियों व समुदाय भी इससे प्रभावित होते हैं। कुछ समुदाय अन्य समुदायों की तुलना में अलग तरह से प्रभावित होते हैं। उत्तरी क्षेत्र की बहु सांस्कृतिक आबादी बढ़ रही है, जहां 22 प्रतिशत निवासी दूसरे देशों से आए हैं और 33 प्रतिशत लोग अंग्रेजी भाषी हैं। बहुसांस्कृतिक क्षेत्रों में प्रवासी समुदाय के लगभग 37 प्रतिशत लोगों को जुआरी माना जाता है, जबकि अंग्रेजी बोलने वाले परिवारों में यह आंकड़ा 14 प्रतिशत है। कई प्रवासी, जिनमें उत्तरी क्षेत्र में रहने वाले लोग भी शामिल हैं, वित्तीय, सामाजिक और भावनात्मक दबावों का सामना करते हैं। इन दबावों के कारण कभी-कभी वे समाजीकरण या तनाव से छुटकारा पाने के साधन के रूप में जुआ खेलने के लिए प्रेरित होते हैं। हमारे शोध में यह पता लगाया गया है कि जोखिम और नुकसान को सीमित करने के लिए क्या किया जा सकता है और कैसे किया जा सकता है।

प्रदेश की बदहाल सड़कों पर हाईकोर्ट सख्त

# टोल से कमाई पर सड़कें बदहाल, 28 जिलों की मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेशभर की बदहाल सड़कों पर स्वतः संज्ञान और जनहित याचिकाओं पर सोमवार को एक साथ सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मामले में कोर्ट कमिश्नर से 28 जिलों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एक माह का समय प्रदान करते हुए 17 दिसंबर को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। दूसरी ओर सड़कों की पेंच रिपेयरिंग पर हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एनएच की सड़कों पर इतनी हेवी लोड ट्रैफिक जा रही है, आप टोल से कमाई कर रहे हो लेकिन ठीक से सुधार नहीं हो पा रहा है।

ध्यान रहे कि प्रदेश में खराब ट्रैफिक स्थितियों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। इसके बाद चीफ जस्टिस ने एक जनहित याचिका दर्ज करते हुए इसकी सुनवाई शुरू की है। सड़क पर आवारा मवेशियों के जमा होने से लेकर भारी वाहनों की चपेट में आकर मारे जाने वाले मवेशियों का भी उल्लेख इस याचिका में है। हाईकोर्ट ने इसके लिए एडवोकेट प्रांजल अग्रवाल और रविन्द्र शर्मा को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करते हुए सभी जगह जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा था। पूर्व में डीबी में हुई सुनवाई में कोर्ट कमिश्नरों ने बताया था कि बिलासपुर और आस पास कई प्रमुख मार्गों पर निरीक्षण के बाद यह मालूम हुआ कि, सड़कों से मवेशियों को हटाने की कोई स्कीम ही नहीं है। सुबह जिन मवेशियों को हटाया जाता है, शाम को फिर वहीं वापस आ जाते हैं। जब तक नगर निगम, नगर पंचायत , पंचायत जैसे स्थानीय प्रशासन समुचित उपाय नहीं करेंगे इसका हल नहीं निकलेगा।

## मवेशियों को हटाने की कोई योजना भी नहीं



### पेंचवर्क कर काम खत्म कर देंगे क्या

सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार की तरफ से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने अपना पक्ष रखा। धनेली मंदिर हसौद राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क की बदहाली को लेकर बताया गया कि यहां रिकंस्ट्रक्शन का काम किया जा रहा है। इस सड़क के लिए 23 करोड़ रुपए की राशि का टेंडर किया गया है।

### सेंदरी में नई सर्विस सड़क

कोर्ट ने मंगला से उसलापुर ओवरब्रिज को लेकर भी सुनवाई के दौरान बात रखी गई और इस पर भी जवाब मांगा। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में एनएचएआई की ओर से सेंदरी को ब्लैक स्पॉट बताया था और दुर्घटनाओं को रोकने नई सर्विस सड़क बनाने की जानकारी दी थी। यह भी जानकारी दी गई थी कि राज्य शासन ने नई सड़कों के साथ ही मेंटेनेंस के लिए ग्रांट जारी कर दिया है। एक महीने के भीतर काम पूरा करने की जानकारी दी गई है। आज अलग अलग जनहित याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करते हुए कोर्ट ने प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, नगर निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग के रीजनल ऑफिसर को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा गया है।

# अवैध शराब की बिक्री कर रही महिला पकड़ाई

**धमतरी।** पुलिस ने देवारपारा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रही महिला पर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से स्टेशनपारा के देवारपारा में एक महिला द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री किये जाने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच रेड की कार्रवाई की। इस दौरान सुमन ध्रुव पति अजीत उम्र 22 वर्ष स्टेनशनपारा देवारपारा निवासी बस्ती में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते मिली। पुलिस आरोपिया को पकड़ उसके कब्जे से 18 पौवा मसाला शराब कीमत 1980 रूपये व बिक्री रकम 120 रूपये कुल 21 सौ रूपये को जब्त किया। पुलिस ने सुमन ध्रुव के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(1)(ख) के तहत कार्रवाई की है।

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops
Divisa www.divisastore.com
ऐसा असर आए दूर तक नज़र!
क्या आप सही 'आई' ड्रॉप की तलाश में है?
रोजमर्रा की भागदौड़ में न जाने हमारी आंखों में कितना कचरा पड़ जाता है। जो लोग कंप्यूटर स्क्रीन पर 8 घंटे काम करते हैं, ज्यादा टीवी देखते हैं या पूरा दिन मोबाइल पर बिज़ी रहते हैं, उनकी आंखों में नमी कम हो जाती है। इतना ही नहीं बढ़ता प्रदूषण, आंखों में जलन होना, खुजली, आंखों का थकना और आंखों पर जोर पड़ना आम बात हो गई है। आंखों के लिए हम तरह–तरह के देसी–अंग्रेजी उपाय भी आजमाते हैं। लेकिन आयुर्वेद में उपलब्ध औषधियों के इस्तेमाल से हम बिना किसी साईड–इफेक्ट के अपनी आंखों को इन परेशानियों से बचा सकते हैं। इसलिए दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. आपके लिए लेकर आये हैं आयुर्वेदिक 'आई मंत्रा' आई ड्रॉप्स। जो बना है गुलाब, दारुहल्दी, शहद, आंवला, तुलसी और पुदीना जैसी 12 आयुर्वेदिक औषधियों से। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका कोई साईड इफेक्ट भी नहीं है।
आँख की 5 समस्याओं से राहत!
• Eye Strain • Eye Freshness • Eye Tiredness • Eye Dryness • Eye Cleanliness


24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com
Available at all leading medical stores





### सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गया धान से भरा ट्रक

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग पर ग्राम खलारी के आबादी पारा के समीप चावल से भरा ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 1100 सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गया। घटना के समय ट्रक गुण्डरदेही से धमतरी की तरफ जा रहा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को अचानक झपकी आ गई होगी, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर जा पलटा।

# हाईकोर्ट ने पूछा- बच्चे ड्रग एडिक्ट हो जाएंगे तो क्या होगा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- कोटपा कानून है तो पालन होना चाहिए कि नहीं
- प्रदेश में स्कूलों के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर लिया संज्ञान

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश में स्कूलों के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री का संज्ञान लिया है और राज्य सरकार की तरफ से मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की युगलपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की है और इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा की बेंच ने चिंता जताते हुए कहा कि बच्चे ड्रग एडिक्ट हो जाएंगे तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि कोटपा कानून है तो उसका पालन होना चाहिए कि नहीं...?

दरअसल 15 नवंबर 2024 को शुक्रवार को छुट्टी के दिन भी उच्च न्यायालय की बैठक हुई। मुख्य न्यायाधीश ने रजिस्ट्रार जनरल को मीडिया रिपोर्टों के आधार पर मामले को जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में पंजीकृत करने का निर्देश दिया था। मीडिया में आई रिपोर्टों से पता चला है कि बिलासपुर में सरकारी और निजी स्कूलों के पास सड़क के स्टॉल पर तंबाकू उत्पाद खुलेआम बेचे जा रहे हैं। इन रिपोर्ट्स ने बताया कि कैसे इस तरह की गतिविधियां स्कूलों के आसपास के वातावरण को खराब कर रही हैं और छात्रों पर इसका नकारात्मक प्रभाव हो रहा है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिकारियों से इस पर जवाब मांगा है।

### दुकानदारों पर पेनाल्टी और अन्य कार्रवाई

महाधिवक्ता ने सोमवार की सुनवाई में शासन का पक्ष रखते हुए शपथ पत्र में जानकारी दी कि 15 नवंबर 2024 के आदेश का परिपालन करते हुए बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर पेनाल्टी और अन्य कार्रवाई की गई है और गंभीरता से कोटपा कानून का पालन कराया जा रहा है। चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने इस पूरे मामले में मुख्य सचिव और बिलासपुर म्युनिसिपल कारपोरेशन की तरफ से शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है,मामले में अगली सुनवाई आगामी 5 दिसंबर को तय की गई है।






Quality, value and peace of mind pre-included.

| Model | Registration Year | Exterior Colour | Fuel Type |
|---|---|---|---|
| Audi A4 | 2022 | Tango Red | Petrol |
| Audi A6 | 2023 | Glacier White | Petrol |
| Audi Q3 | 2023 | Glacier White | Petrol |

| Model | Registration Year | Exterior Colour | Fuel Type |
|---|---|---|---|
| Audi Q3 Sportback | 2024 | Progressive Red | Petrol |
| Audi Q5 | 2023 | Mythos Black | Petrol |
| Audi Q7 | 2023 | Samurai Grey | Petrol |

Getting your car from Audi Approved :plus comes with these outstanding buying benefits*:
Certified cars
Service history available
Exclusive retail finance schemes available
Up to 2 years unlimited kms warranty
For buying and selling enquiries, call Audi Raipur: +91 9340714904, 8223817777
| Audi Approved :plus | myAudi Connect | Audi Club Rewards
BELT UP FOR A SAFE RIDE
*Terms and conditions apply. Image shown is for representation purpose only.
MAHESHWARI

हर साल मनाया जाता है सर्वोच्च बलिदान दिवस

# भारतीय सेना ने मनाया केपांग ला दिवस, 1962 के भारत-चीन युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को दी गई 'श्रद्धांजलि'

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

*भारत और तिब्बत की सीमा पर स्थित केपांग ला रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान सियांग घाटी में स्थित गेलिंग के ग्रामीणों ने भारतीय सेना की मदद की थी। यही वजह है कि केपांग ला भारतीय सैनिकों और ग्रामीणों के बलिदान का साझा प्रतीक है। हर साल भारतीय सेना यहां अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले नायकों के सम्मान में केपांग दिवस मनाती है।*

भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले गेलिंग में केपांग दिवस मनाया। इस दौरान भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी।

सोमवार को एक विज्ञप्ति में सेना ने बताया कि यह दिवस रविवार को चीन के साथ युद्ध के दौरान भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़े रहने वाले ग्रामीणों की याद में मनाया गया। इन ग्रामीणों की वीरगाथा को भी याद किया गया। सियांग घाटी में केपांग ला दर्रा भारत की शौर्य विरासत का अभिन्न हिस्सा है। केपांग ला भारतीय सैनिकों और ग्रामीणों के बलिदान का साझा प्रतीक है।

1 *ग्रामीणों और सेना के शौर्य का प्रतीक केपांग दिवस*

2 *1962 युद्ध के दौरान ग्रामीणों ने दिखाया था पराक्रम*

3 *आठ भारतीय सैनिकों ने दिया था सर्वोच्च बलिदान*



### गेलिंग मठ में प्रार्थना भी की गई

*शहीदों को पुष्पांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके आलावा सेना और ग्रामीणों के बीच पवित्र बंधन का प्रतीक ऐतिहासिक गेलिंग मठ में प्रार्थना भी की गई। सेना ने उन ग्रामीणों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने पूर्वजों के साहस और एकता को पहचाना और भारतीय सेना के साथ खड़े रहे हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) तूतिंग, स्कूली बच्चे और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों ने सियांग घाटी की वीरता, एकता और सांस्कृतिक विरासत की गाथा और शौर्य को देखा। केपांग ला वास्तविक नियंत्रण रेखा एलओसी पर भारत-तिब्बत सीमा पर एक अहम दर्रा है। खास बात यह है कि केपांग ला रणनीतिक स्थान यारलुंग त्सांगपो के मार्ग के नजदीक स्थित है। केपांग ला का अरुणाचल प्रदेश के लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यारलुंग त्सांगपो को असम में ब्रह्मपुत्र और अरुणाचल प्रदेश में सियांग के नाम से जाना जाता है। यह नदी देश की सीमाओं की रक्षा करने वाली भारतीय सेना के कई वीर बलिदानियों के शौर्य और पराक्रम की गवाह है।*

### ग्रामीणों ने दी थी पीएलए की सूचना

*1962 में सियांग घाटी के लोगों और भारतीय सैनिकों ने अद्भुत पराक्रम का प्रदर्शन किया था। यहां गेलिंग के ग्रामीणों ने न्यौगोंग नदी के पास चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पीएलए के सैनिकों के पैरों के निशान देखे। ग्रामीणों की सूचना पर भारतीय सेना अलर्ट हुई। चीनी सेना से झड़प में आठ भारतीय सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। बलिदान देने वाले सैनिकों में 2 मद्रास रेजिमेंट के सूबेदार शेख सुबानी, हवलदार बी रामलिंगा जी, सिपाही मुर्री राजा, अप्पा राव और एलियास शामिल थे।*

---

ब्राजील में आयोजित जी-20 सम्मेलन के 'सामाजिक समावेश और गरीबी-भुखमरी के खिलाफ लड़ाई' नामक पहले सत्र को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 'प्रासंगिक है भारत का एक पृथ्वी, एक परिवार का विचार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और हिंद-प्रशांत चुनौती के बीच ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में सोमवार को आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन के 'सामाजिक समावेश और गरीबी-भुखमरी के खिलाफ लड़ाई' नामक पहले महत्वपूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के विचार का पूरी दृढ़ता के साथ उल्लेख करते हुए कहा कि यह आज भी पिछले साल की तरह ही प्रासंगिक बना हुआ है। नई दिल्ली में लोगों के हित में लिए गए निर्णयों को ब्राजील की अध्यक्षता में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद संतुष्टि की बात है कि हमने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राथमिकता प्रदान की है। साथ ही हम समावेशी और महिला आधारित विकास व युवा ताकत पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वैश्विक दक्षिण की उम्मीदों और आकांक्षाओं को समर्थन प्रदान कर रहे हैं। यहां बता दें कि जी-20 की बैठक की शुरुआत के साथ ही क्रमवार रूप इसके एजेंडे में शामिल अन्य विषयों पर भी समूह नेताओं के बीच विचार-विमर्श जारी रहेगा।



**खास बातें**

- वैश्विक दक्षिण के देशों की चिताओं और समस्याओं की ओर आकर्षित किया दुनिया का ध्यान
- सम्मेलन से इतर अमेरिका के राष्ट्रपति, यूएन महासचिव समेत कई अन्य वैश्विक नेताओं से हुई पीएम की मुलाकात

### चुनौतियों से सर्वाधिक प्रभावित वैश्विक दक्षिण के देश

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विवादों की वजह से खाद्य, ईंधन और उर्वरक के मामले में सर्वाधिक प्रभाव वैश्विक दक्षिण के देशों पर प्रभाव पड़ा है। ऐसे में हमारी चर्चा तभी सफल हो सकती है। जब हम इस क्षेत्र के देशों की चुनौतियों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखेंगे। भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज पूरी दुनिया तक पहुंचाने के लिए पिछले सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को समूह का स्थायी सदस्य बनाकर की है। हम वैश्विक प्रशासन से जुड़े संस्थानों में सुधार करेंगे। पीएम ने विश्वास जताते हुए कहा कि आगामी सत्रों में इस विषय पर और अधिक विस्तार से सकारात्मक चर्चा होगी।

### बाइडन, एंटोनियो गुटारेस से हुई मुलाकात

जी-20 बैठक के आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद पीएम की दुनिया के कई अन्य देशों के शीर्ष नेताओं के साथ भी मुलाकात हुई। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन, सिंगापुर के प्रधानमंत्री लारेंस वांग, स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटारेस शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति लूला द्वारा किए गए स्वागत से लेकर अन्य वैश्विक नेताओं के साथ हुई मुलाकात की जानकारी एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए साझा की।

### साझा किए भारत के अनुभव

पीएम मोदी ने सम्मेलन के पहले सत्र की थीम का समर्थन करते हुए भारत के अनुभव और सफलता की कहानियां समूह देशों के तमाम प्रमुखों के समक्ष बताते हुए कहा कि बीते दस सालों में हमने 250 मिलियन लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। 800 मिलियन लोगों को मुफ्त खाद्यान्न दिया जा रहा है, 550 मिलियन लोगों को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक आयु के 60 मिलियन वरिष्ठ नागरिक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाएंगे। महिला आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित करने की वजह से 300 मिलियन से अधिक छोटे उद्यमों से जुड़ी महिलाएं वित्तीय लाभ के लिए बैंकों से जुड़ी हैं। 40 मिलियन किसानों को 20 बिलियन डॉलर लाभ प्राप्त हुआ है। कृषि योजना के तहत 110 मिलियन किसानों को 40 बिलियन डॉलर की सहायता दी गई है।

---

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री आज शामिल होंगे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में 20 नवंबर को छत्तीसगढ़ दिवस का आयोजन होगा। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपरागत लोक नृत्यों की झलक प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ दिवस हमारे राज्य की संस्कृति, परंपराओं और प्रगति को देश-दुनिया के सामने पेश करने का अवसर है। यह 'विकसित छत्तीसगढ़' के सपने को साकार करने की दिशा में अहम कदम है।





**पारंपरिक लोक नृत्यों की विशेष प्रस्तुतियां :** बुधवार की शाम 5:30 बजे से एम्फी थिएटर-1 (हॉल नंबर 5 के सामने) में छत्तीसगढ़ी लोकमंच पर गौर नृत्य, गौरा-गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ, पंथी, और कर्म जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां होंगी। ये नृत्य छग की लोक कला और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत करेंगे। गौर नृत्य की सामूहिक और भव्य प्रस्तुतियां, गौरा-गौरी की धार्मिक परंपरा, सुआ नृत्य के भावपूर्ण गीत, और राउत नाचा की ऊर्जा दर्शकों को छत्तीसगढ़ की जीवंत लोक परंपराओं से जोड़ेंगी।

---

काठमांडू की यात्रा पर जाएंगे सेना प्रमुख

# भारतीय सेना में फिर शुरू होगी नेपाली गोरखा युवकों की भर्ती

एजेंसी ▶▶ काठमांडू





भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले सप्ताह नेपाल की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस यात्रा में दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। जनरल द्विवेदी की नेपाल यात्रा में गोरखाओं की भर्ती को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है, इसलिए यह यात्रा और भी खास हो जाती है।

नेपाल सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में गोरखा सैनिकों को भेजने से इनकार कर दिया है। भारतीय सेना में 43 गोरखा बटालियन हैं, जो कई गोरखा रेजिमेंटों में सेवा दे रही हैं। हर बटालियन में नेपाली गोरखा लगभग 60 प्रतिशत हैं। अतीत में भारत सरकार ने नेपाल से कहा है कि वह गोरखाओं को अग्निवीर के तहत चार साल से ज्यादा का कार्यकाल नहीं दे सकता।


---

एक-दूसरे पर मुकदमा, महासंग्राम के आसार

# ट्रंप की ताजपोशी से पहले ईरान और अमेरिका में ठनी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका में आगामी 20 जनवरी को नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी है, लेकिन इससे पहले ईरान ने झटका दे दिया है। शनिवार को ईरान की एक अदालत ने अमेरिकी सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया।



इराक और सीरिया में अमेरिका समर्थित आतंकी समूहों से लड़ते हुए मारे गए ईरानियों के परिवारों को अरबों डॉलर मुआवजा देने का आदेश दिया है। वहीं, जवाब में हमास आतंकियों के हाथों मारे गए अमेरिकियों के परिवारों ने अदालत में ईरान, हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मामले में सुनवाई शुरू भी हो गई है। दोनों देशों में इस तरह के कदमों ने नए महासंग्राम के आसार पैदा कर दिए हैं। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास आतंकियों ने इजरायली धरती में भीषण नरसंहार किया था। इस हमले में 1200 से अधिक लोग मारे गए थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 02 बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/2079/न.पा.नि./लो.नि.वि./2024 — बिलासपुर, दिनांक 18.11.2024

**//निविदा संशोधन सूचना//**

एतद् द्वारा इस कार्यालय से जारी निविदा सूचना क्रं. 1997 दिनांक 05.11.2024 के द्वारा सरल क्रं. 04 एवं 05 में अंकित कार्य वार्ड क्रं. 05 से 12 तक जल प्रदाय सामग्री एवं विद्युत सामग्री क्रय कार्य सामग्री की संशोधित सूची सहित संशोधित निविदा जारी किया जाता है। सरल क्रं. 04 एवं 05 को प्रपत्र को ''अ ब स'' पढ़ा जावे। शेष यथावत्।

जोन कमिश्नर (जोन क्र. 02)
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**, परिसर एवं सम्पदा विभाग, स्थानीय प्रधान कार्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल-462011.

निविदा आईडी : एलएचओ/बीएचओ/परिसर एवं सम्पदा/2024-25/56

**रायपुर में भारतीय स्टेट बैंक के लिए ''हॉलिडे होम'' के रूप में होटल के कमरों (2 नग) को किराए पर लेने/पट्टे पर देने के लिए निविदा**

भारतीय स्टेट बैंक का इरादा आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ रायपुर रेलवे स्टेशन के 5 किमी के आसपास लीज़ के आधार पर रायपुर शहर में ''हॉलिडे होम'' के रूप में उपयोग के लिए ''होटल रूम'' (2 नग) किराए पर लेने का है, जो कब्जे के लिए तैयार स्थिति में हैं। अधिक जानकारी और निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए, कृपया 15.11.2024 से 05.12.2024 तक बैंक की वेबसाइट https://bank-sbi के अन्तर्गत "SBI in the News > Procurement News" पर जाएं। इस कार्यालय में प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 05.12.2024 को 15:00 बजे तक या उससे पहले होगी। इसके अलावा, इस संबंध में नोटिस/स्पष्टीकरण केवल ऊपर उल्लिखित बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। इस निविदा में दलालों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, केवल होटल मालिकों/व्यक्तियों/फर्मों/कंपनियों/ट्रस्टों को ही आवेदन करना होगा।

सहायक महाप्रबंधक (परिसर एवं सम्पदा)

**छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग**
निर्वाचन भवन, सेक्टर 19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला - रायपुर 492002 दूरभाष : 0771-2880911, 2880912, वेबसाइट: www.cgsec.gov.in, ई-मेल: cgec.cg@nic.in

क्रमांक एफ-60-13/अ.स्या. / स्टोर / 2020-21 / एक / 2163
नवा रायपुर, दिनांक 14/11/2024

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत अनुभवी निर्माताओं से जिन्हे निर्वाचन कार्यों में प्रयुक्त होने वाले अमिट स्याही (Indelible Ink) की आपूर्ति करने का अनुभव हो तथा जो निविदा में उल्लेखित शर्तों को पूरा करते हो से ई-निविदा के माध्यम से ऑनलॉईन निविदाआंमत्रित की जाती है, प्रदाय किये जाने वाले सामग्री का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | विवरण |
|---|---|
| 01 | अमिट स्याही 5 सी.सी. (purple / violet colour) |

ऑनलॉईन निविदायें दो बोली प्रणाली (Two Bid System) के आधार पर खोली जावेगी तथा अनुबंध पश्चात 01 वर्ष तक अनुमोदित दर पर सामग्री प्रदाय करने के लिए बंधनकारी होंगे। इच्छुक निर्माता कम्पनी द्वारा निविदा https://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर भरी जा सकेगी। निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारियों एवं निर्देश उपरोक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा शुल्क | राशि रू. 1,000/- (ऑनलाईन देय होगा।) |
| निविदा भरने तथा अपलोड करने की प्रारंभिक तिथि | 14/11/2024, 11:30 बजे से प्रारंभ |
| निविदा भरने तथा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03/12/2024, अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 03/12/2024, अपरान्ह 3:00 बजे |
| स्थान | कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर (छ.ग.) |

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर

G-242503845/1

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT NO: 67/GARDEN/RMC/2024 — RAIPUR DATED: 18.11.2024

Online bids are invited for the following works up to **10.12.2024** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (In lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 161314 | Urban pocket forest तकनीक से वृक्षारोपण कार्य। | Rs. 98.86 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **18.11.2024** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 2632 / लो.क.वि / न.पा.नि./ 2024 — रायगढ़ दिनांक 18.11.2024

**।। द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' एवं 'ब' में त्रि-लिफाफा पद्धति से निविदा दिनांक 06.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत, राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | अग्रसेन चौक से चक्रधर चौक तक कायाघाट चौक से छातामुड़ा चौक तक रोड, डिवाईडर, फुटपाथ जीर्णोद्वार रोड, डिवाईडर, फुटपाथ जीर्णोद्धार एवं 2डी / 3डी आर्ट कार्य। | 10.55 |
| 2 | डिग्री कालेज से आकाशवाणी रोड नगर निगम सीमा तक डिवाईडर पुताई एवं 2डी / 3डी आर्ट कार्य । | 10.21 |
| 3 | चक्रधर चौक से विजयपुर चौक तक डिवाईडर पुताई एवं 2डी / 3डी आर्ट कार्य । | 10.50 |
| 4 | शहीद चौक से शनि मंदिर तक, अम्बेडकर चौक से आयुर्वेद अस्पताल तक, सत्तीगुडी चौक से पी.डी. कामर्स कालेज तक डिवाईडर, फुटपाथ जीर्णोद्वार, डिवाईडर पुताई एवं 2डी / 3डी आर्ट कार्य । | 9.65 |

नोट :- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में तथा वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 173/161068 | S/R, M.O.W., DEPOSITE & OTHER WORK IN R.B. & N.R.B. AT KUTCHHARY SECTION RAIPUR (C.G.)(प्रथम आमंत्रण) | रू. 50.00 लाख |
| 174/161065 | CONSTRUCTION OF SECOND FLOOR OF PHYSICS & BALLISTICS BRANCH BUILDING AND SECOND FLOOR OF NARCOTICS BRANCH BUILDING UNDER THE STATE FORENSIC SCIENCE LABORATORY AT RAIPUR UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 49.59 लाख |
| 175/161066 | S/R, MOW WORKS AND SMALL DEPOSITE WORKS AT HONOURABLE MINISTER'S BANGALOW AT CIVIL LINES RAIPUR UNDER P.W.D. SUB DIVISION NO.-1, RAIPUR CHHATTISGARH (प्रथम आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |
| 176/161067 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK IN JAIL HEAD QUARTER (KAWARDHA SADAN), STATE HEALTH CENTRE, GOVT. PHYSIOTHERAPY COLLAGE & VETERINARY HOSPITAL PANDARI RAIPUR (प्रथम आमंत्रण) | रू. 22.00 लाख |
| 159/161069 | ROAD FURNITURE WORK OF DULNA PATEWA KURRA ROAD OF DISTT.- RAIPUR UNDER CGRIDCL, LENGTH 3.40 KM (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 26.12 लाख |

एन.आई.टी. क्र.173 सिस्टम टेन्डर नं. 161064, एन.आई.टी. क्र. 174 सिस्टम टेन्डर नं. 161065, एन.आई.टी. क्र. 175 सिस्टम टेन्डर नं. 161066 एवं एन.आई.टी. क्र. 176 सिस्टम टेन्डर नं. 161067 डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.12.2024 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र.159 सिस्टम टेन्डर नं. 161069 डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.11.2024 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., मंड़ल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-242503846/2

**Home First Finance Company India Limited**
homefirst — We'll take you home
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अजय कुमार मिश्रा, नीलम मिश्रा | फ्लैट नं. 305, खसरा नं. 238/10, दूसरी मंजिल, क्षेत्रफल 290 वर्गफुट, खसरा नं. 238/10 का भाग, स्थित-रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए), मौजा हीरापुर, वीर सावरकर नगर वार्ड, वार्ड नं. 01, प.ह.नं. 103, रा.नि.मं. रायपुर, छत्तीसगढ़ 491111 | 04-12-2023 | 4,51,563 | 11-11-2024 | 4,93,000 | 49,300 | 20-12-2024 (11 am-2pm) | 18-12-2024 (upto 5pm) | 8197388148 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तो हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117- होम फस्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड- एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**3.** पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876

G-242503821/4

**खबर संक्षेप**

## जीएसटी परिषद की बैठक 21 दिसंबर को जैसलमेर में




**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की बैठक 21 दिसंबर को जैसलमेर में होगी, जिसमें स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी से छूट या कम दर को लेकर फैसला किया जा सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में उनके राज्य समकक्षों से मिलकर बनी परिषद दरों को सुसंगत करने पर भी कुछ फैसले कर सकती है।

## गोदरेज एग्रोवेट ने प्रोविवी के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** कृषि व्यवसाय कंपनी गोदरेज एग्रोवेट (जीएवीएल) ने भारत के चावल तथा मक्का किसानों को टिकाऊ 'फेरोमोन' (रसायन) आधारित कीट नियंत्रण समाधान पेश करने के लिए अमेरिका स्थित प्रोविवी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। बदलती जलवायु परिस्थितियों के कारण कीटों की समस्या बढ़ रही है।

## एनवायरो इंफ्रा का आईपीओ 22 नवंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** सीवेज उपचार संयंत्रों और सीवरेज प्रणालियों की 'टर्नकी' परियोजनाओं के विकास में शामिल एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स ने 650 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 140-148 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। आईपीओ 22 नवंबर को खुलेगा और 26 नवंबर को बंद होगा।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह के लक्ष्य को पार कर जाने की उम्मीद : सीबीडीटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष (2024-25) में प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.07 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य से अधिक रहने की उम्मीद है।

- संशोधित रिटर्न दाखिल करने को लेकर 31 दिसंबर तक का समय

अग्रवाल ने यह भी कहा कि जिन करदाताओं ने अपने आयकर रिटर्न में विदेशी आय या संपत्ति का खुलासा नहीं किया है, उनके पास वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपना संशोधित रिटर्न दाखिल करने को लेकर 31 दिसंबर तक का समय है। कर विभाग उन करदाताओं को एसएमएस और ई-मेल भेज रहा है, जिन्होंने उच्च मूल्य वाली संपत्तियों का खुलासा नहीं किया है।

### चेयरमैन अग्रवाल ने कहा, चालू वित्त वर्ष में 22.07 लाख करोड़ रहने की उम्मीद

**कंपनी व व्यक्तिगत कर संग्रह बढ़ा**

अग्रवाल ने यहां कहा, "हमें उम्मीद है कि हम कर संग्रह के बजट लक्ष्य को पार कर जाएंगे। कंपनी और व्यक्तिगत कर समेत अन्य कर संग्रह बढ़ा है। सीबीडीटी के कर संग्रह के ताजा आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 10 नवंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.41 प्रतिशत बढ़कर 12.11 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 5.10 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध कंपनी कर और 6.62 लाख रुपये गैर-कंपनी कर शामिल है।




**एसटीटी मद में 35,923 करोड़ प्राप्त**

गैर-कंपनी कर में व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों आदि द्वारा भुगतान किया गया कर शामिल है। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) मद में 35,923 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

**कंपनी कर से 10.20 लाख करोड़ का लक्ष्य**

सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष कर से 22.07 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसमें कंपनी कर से 10.20 लाख करोड़ रुपये और व्यक्तिगत आयकर तथा अन्य करों से 11.87 लाख करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

**करदाता लाउंज का उद्घाटन**

अग्रवाल ने यह नहीं बताया कि कितने करदाताओं को इस प्रकार के एसएमएस और ई-मेल भेजे गये हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में करदाता 'लाउंज' का उद्घाटन करते हुए अग्रवाल ने यह भी कहा कि आयकर कानून की समीक्षा के लिए भाषा को सरल और समझने में आसान बनाने को लेकर आयकर कानून की समीक्षा के संदर्भ में 6,000 से अधिक सुझाव आये हैं।

### एसबीआई के वार्षिक व्यापार और आर्थिक सम्मेलन में कहा

# कर्ज की लागत दबाव वाली, बैंकों को ब्याज दरें कम करने की जरूरत : सीतारमण

एजेंसी ▸▸ मुंबई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि बैंक ब्याज दरें कुछ लोगों के लिए बेहद दबाव वाली हैं, और उन्हें सस्ता बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने आर्थिक वृद्धि में सुस्ती की आशंका के बारे में व्यापक चिंताओं के बीच भरोसा दिलाया कि सरकार घरेलू और वैश्विक चुनौतियों से पूरी तरह अवगत है।

वित्त मंत्री ने कहा कि अनावश्यक चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समय भारत में उद्योगों को बढ़ावा देने और नये संयंत्रों में निवेश करने की जरूरत है और ऐसे में कर्ज दरों को कम करने से विकसित भारत की आकांक्षा को साकार करने में मदद मिल सकती है।

**उधार लेने की लागत वास्तव में दबाव बढ़ाने वाली**

सीतारमण ने कहा, 'महत्वपूर्ण बात यह है कि जब आप भारत की वृद्धि की जरूरतों को देखते हैं, और कई तबकों से यह राय सामने आती है कि उधार लेने की लागत वास्तव में बेहद दबाव बढ़ाने वाली है। ऐसे समय में जब हम चाहते हैं कि उद्योग तेजी से आगे बढ़ें और क्षमता निर्माण हो, बैंक ब्याज दरें कहीं अधिक सस्ती होनी चाहिए।'

**खाद्य कीमतों पर विचार किया जाना चाहिए**



सीतारमण ने कहा कि इस समय तीन या चार जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं के एक समूह की वजह से महंगाई बढ़ रही है और बाकी वस्तुएं तीन या चार प्रतिशत स्तर पर हैं। वित्त मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि वह इस बहस में नहीं पड़ना चाहती हैं कि मुद्रास्फीति सूचकांकों को तैयार करते समय खाद्य कीमतों पर विचार किया जाना चाहिए।

**बीमा उत्पादों की गलत ढंग से बिक्री न करें**

केंद्रीय मंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के वार्षिक व्यापार और आर्थिक सम्मेलन में बैंकों से ऋण देने के अपने मूल काम पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि बीमा उत्पादों की गलत ढंग से बिक्री भी अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति या संस्था के लिए कर्ज लेने की लागत को बढ़ाती है।

- बैंक ब्याज दरें कुछ लोगों के लिए बेहद दबाव वाली
- उन्हें सस्ता बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत
- आर्थिक वृद्धि में सुस्ती की आशंका से सरकार अवगत

*अस्थिरता को कम करने भंडारण सुविधा पर जोर*

*सीतारमण ने हालांकि यह भी जोड़ा कि भारत चक्रीय रूप से आपूर्ति संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है और सरकार के प्रयास मुख्य रूप से अस्थिरता को कम करने के लिए भंडारण सुविधाओं को बेहतर बनाने पर केंद्रित हैं। वृद्धि में सुस्ती की आशंकाओं को लेकर व्यापक चिंताओं के बीच सीतारमण ने भरोसा दिया कि सरकार घरेलू और वैश्विक चुनौतियों से पूरी तरह अवगत है।*

**ब्याज दरों में कटौती करने का आग्रह**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती करने का आग्रह किया था। गौरतलब है कि ज्यादातर वाणिज्यिक बैंक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आरबीआई की ब्याज दरों के आधार पर अपनी दरें तय करते हैं।

**एसबीआई चालू वित्त वर्ष में 500 और शाखाएं खोलेगा**

वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष में अपने कुल नेटवर्क को 23,000 तक पहुंचाने के लिए 500 और शाखाएं खोलेगा। सीतारमण ने मुंबई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की मुख्य शाखा की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बैंक का आकार 1921 के बाद से काफी बढ़ गया है। उस समय तीन प्रेजिडेंसी बैंकों का विलय कर इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया (आईबीआई) बना था।

**एसबीआई की आज 22,500 शाखाएं**

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया को एसबीआई बनाने के लिए 1955 में संसद में एक कानून पारित किया। 1921 में 250 शाखाओं का नेटवर्क अब बढ़कर 22,500 हो गया है। सीतारमण ने कहा, "एसबीआई की आज 22,500 शाखाएं हैं और मैं समझती हूं कि वित्त वर्ष 2024-25 में 500 और शाखाएं खोली जाएंगी। यानी, शाखाओं की संख्या बढ़कर 23,000 हो जाएगी।" एसबीआई ने बैंक क्षेत्र में जो वृद्धि हासिल की है, वह एक वैश्विक रिकॉर्ड होना चाहिए।

# बिकवाली से सेंसेक्स 241 अंक टूटा, निफ्टी 23,500 अंक नीचे फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही
- आईटी और पेट्रोलियम शेयरों में रही बिकवाली

स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट सोमवार को भी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 241 अंक के नुकसान में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी लगातार सातवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 23,500 अंक के नीचे आ गया।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और अमेरिकी बाजारों से कमजोर रुख के संकेत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार चौथे सत्र में गिरावट रही और यह 241.30 अंक नुकसान के साथ 77,339.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 615.25 अंक तक नीचे आ गया था। निफ्टी में लगातार सातवें दिन गिरावट रही और यह 78.90 अंक टूटकर 23,453.80 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 1,849.87 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। विदेशी निवेशक इस महीने अबतक शेयर बाजारों से 22,420 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। ''बाजार में गिरावट का रुख जारी है। कंपनियों के वित्तीय परिणाम में हल्की वृद्धि और महंगाई के साथ रुपये की विनिमय दर में गिरावट से धारणा प्रभावित हुई।

*इन शेयरों मे रहा नुकसान : सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।*

*ये शेयर रहे लाभ में : दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।*

**बिजनेस साइट**

## विक्को लेबोरेटरीज ने नई पैकेजिंग के साथ लांच किया 'हल्दी है तो स्वस्थ है' अभियान




**नागपुर।** आयुर्वेदिक उत्पादों के क्षेत्र में प्रमुख नाम विक्को लेबोरेटरीज ने हाल ही में कोलकाता के ताज सिटी सेंटर में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली ने ब्रांड के नए पैकेजिंग डिज़ाइन का अनावरण किया। इस अवसर पर गांगुली ने विक्को हल्दी त्वचा क्रीम की ताजातरीन पैकेजिंग को पेश किया, जो अब नए अभियान 'हल्दी है तो स्वस्थ है' के साथ मेल खाती है। यह अभियान हल्दी के शाश्वत सौंदर्य लाभों को प्रमोट करता है। इसके साथ ही विक्को ने अपने नए अभियान की शुरुआत की, जिसमें अभिनेत्री रवीना टंडन और सुहानी सेठी को शामिल किया है। यह अभियान और नई पैकेजिंग दोनों विक्को के दशकों से विकसित होते आ रहे परंपरा, गुणवत्ता और नवाचार को दर्शाते हैं।

## स्काई ऑटोमोबाइल्स में नई डैजलिंग डिजायर लांच



**रायपुर।** मारुति सुजुकी के सबसे विश्वसनीय और भरोसेमंद डीलरशिप, स्काई ऑटोमोबाइल्स ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के अवंति विहार और मोहबा बाजार शोरूम में अपनी नई डैजलिंग डिजायर को लांच किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभास कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, और मारुति सुजुकी के एरिया मैनेजर अशिफ कादरी की उपस्थिति में नई डिजायर का अनावरण हुआ। 2024 की नई डिजायर को मैन्युअल और एजीएस ट्रांसमिशन विकल्पों के साथ लांच किया गया है, जिसमें जेड12ई इंजन की बदौलत बेहतर प्रदर्शन और माइलेज मिलेगा। इस नई कार में 6 एयरबैग्स, स्मार्ट प्ले प्रो प्लस इन्फोटेनमेंट सिस्टम, 9 इंच का डिस्प्ले, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स, रियर एसी वेंट्स और फोन चार्जिंग पोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, इस मॉडल को 5-स्टार एनसीएपी रेटिंग भी मिली है। मारुति सुजुकी के इस मॉडल की लांचिंग के बाद, स्काई ऑटोमोबाइल्स ने छत्तीसगढ़ भर में अपनी 16 से अधिक शाखाओं के साथ ग्राहकों को बेहतरीन सेल्स और सर्विस की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस अवसर पर कंपनी ने ग्राहकों को 90-100% ऑन-रोड फाइनेंस, एक्सचेंज, स्पॉट बुकिंग और डिलीवरी जैसी सुविधाएं भी प्रदान करने की घोषणा की।

## जैन चुस्की चाय का शानदार लकी ड्रॉ ऑफर, कार जीतने का मौका




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जैन चुस्की चाय की निर्माता कंपनी जैन ट्रेडर्स ने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत 300 रुपए तक जैन चुस्की चाय के कोई भी उत्पाद की खरीदी पर एक कूपन मुफ्त मिलेगा। जिसे आप विभिन्न पुरस्कारों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यह योजना रिटेलर और होलसेलर एवं प्रत्येक कस्टमर के लिए है। योजना का लकी ड्रॉ 30 अप्रैल 2025 को निकाला जाएगा। लकी ड्रॉ में पहला पुरस्कार एक मारुति आल्टो कार है। इसी तरह दूसरा पुरस्कार एक्टिवा स्कूटर (दो विनर को), तीसरा पुरस्कार वाशिंग मशीन (10 विनर को), चौथा पुरस्कार 100 ग्राम चांदी के सिक्के (50 विनर को), पांचवा पुरस्कार 50 ग्राम चांदी के सिक्के (100 विनर को) है। 10 रुपए की चायपत्ती से 30 कप चाय बनने की गारंटी : जैन ट्रेडर्स के संचालक यशवंत जैन ने बताया कि हमारे उत्पाद अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और उम्दा स्वाद के कारण छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में बेहद लोकप्रिय हैं।

हमारे प्रमुख उत्पादों में चुस्की चाय, चुस्की सोंठ, चुस्की रॉयल, चुस्की सुपर और चुस्की गोल्ड शामिल हैं। हमने 10 रुपए की चायपत्ती से 30 कप चाय बनने की गारंटी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि जैन चुस्की के सभी उत्पाद प्रमुख दुकानों पर उपलब्ध हैं और चाय प्रेमियों से इन उत्पादों को बेहतरीन रिस्पांस मिल रही है।

# शादी-विवाह के मौसम की खरीदारी से सोने, चांदी की कीमतों में तेजी लौटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- 24 कैरेट सोने ने चार दिन की गिरावट का सिलसिला तोड़ा
- 400 रुपए बढ़कर 77,450 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंचा

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के साथ साथ आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की चालू शादी-विवाह के मौसम के लिए लिवाली बढ़ने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी लौटी।

स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना चार दिन की गिरावट के सिलसिले को तोड़ते हुए 400 रुपये बढ़कर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को सोना 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 1,810 रुपये चढ़कर 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि बृहस्पतिवार को इसका भाव 90,190 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 400 रुपये उछलकर 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की शादी-ब्याह के मौसम की मांग के अलावा सोने के मजबूत वैश्विक रुख ने कीमती धातुओं की कीमतों पर असर डाला।शुक्रवार को 'गुरु नानक जयंती' के उपलक्ष्य में स्थानीय सर्राफा बाजार बंद थे।

**भारत में खुदरा मांग में सुधार होने की संभावना**

गांधी ने कहा कि इस बीच, चालू शादी-ब्याह के मौसम के कारण भारत में खुदरा मांग में सुधार होने की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 1.23 प्रतिशत बढ़कर 30.81 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी।

## सितंबर तिमाही में बेरोजगारी दर घटकर हुई 6.4 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** शहरी क्षेत्रों में जुलाई-सितंबर तिमाही में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर घटकर 6.4 प्रतिशत रह गई है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) ने यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2023-24 की सितंबर तिमाही में बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत थी।

श्रम बल में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत को बेरोजगारी दर कहा जाता है। एनएसएसओ के 24वें आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत थी।

# घरेलू उड़ानों के यात्रियों की संख्या पांच लाख के पार

- यात्रियों की संख्या 17 नवंबर को 5 .05 लाख दर्ज
- विमानन क्षेत्र ने ऐतिहासिक मिल का पत्थर पार किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या रविवार को एक दिन में पहली बार पांच लाख के आंकड़े को पार कर गई जो एक नया रिकॉर्ड है। यह त्योहारों और विवाह समारोह के बीच मजबूत यात्रा मांग को दर्शाता है।

नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार शाम को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 17 नवंबर को भारतीय विमानन क्षेत्र ने एक ऐतिहासिक मील का पत्थर पार किया, जब 5,05,412 घरेलू यात्रियों ने एक ही दिन में प्रस्थान किया। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, एयरलाइन कंपनियों ने रविवार (17 नवंबर) को 3,173 उड़ानों का परिचालन किया और 5,05,412 यात्रियों ने इन उड़ानों के जरिये यात्रा की। यह पहली मौका है जब घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या एक ही दिन में पांच लाख के आंकड़े को पार कर गई है। यात्रा मंच क्लियरट्रिप के उपाध्यक्ष (हवाई श्रेणी) गौरव पटवारी ने कहा, '' यात्रियों की संख्या बढ़ने की मुख्य वजह त्योहारी मांग और शादी-ब्याह की शुरुआत है। हमें उम्मीद है कि सर्दियों में भी मांग मजबूत बनी रहेगी।

### अल्ट्राटेक सीमेंट इलेक्ट्रिक ट्रक बेड़े का करेगी विस्तार ...




**मुंबई।** अल्ट्राटेक सीमेंट अपने लॉजिस्टिक्स परिचालन में सामग्री तथा उत्पादों की आवाजाही के लिए 100 और इलेक्ट्रिक ट्रक तैनात करेगी। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस साल जनवरी में पांच ऐसे ट्रक के साथ शुरू हुई 'पायलट' परियोजना सफल रही है। कंपनी ने कहा, उसने मध्य प्रदेश के धार स्थित अपनी एकीकृत सीमेंट विनिर्माण इकाई से महाराष्ट्र के धुले स्थित अपनी 'ग्राइंडिंग' इकाई तक प्रति माह 75,00 करोड़ टन 'क्लिंकर' के परिवहन के लिए इन ट्रक की तैनाती के वास्ते एक नए परिवहन सेवा करार पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी का लक्ष्य भारत सरकार की 'ई-फास्ट' पहल के तहत जून 2025 तक 500 इलेक्ट्रिक ट्रक तैनात करना है।

## एसबीआई ने अवसंरचना बांड से 10,000 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने सातवां अवसंरचना बांड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसबीआई ने कहा कि को अपने सातवें अवसंरचना बांड के जरिये 7.23 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए है। इस निर्गम को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और 11,500 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले दोगुना से अधिक अभिदान मिला। प्राप्त बोलियों की कुल संख्या 85 थी, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी को दर्शाती है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन फंड, बीमा कंपनियां, म्यूचुअल फंड आदि आदि क्षेत्र से थे। बॉन्ड से प्राप्त राशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचा और किफायती आवास खंड के वित्तपोषण के लिए दीर्घकालिक संसाधनों को बढ़ाने में किया जाएगा।''

### आरबीआई गवर्नर ने अनैतिक व्यवहार पर अंकुश लगाने कहा

# बैंक आंतरिक कामकाज के ढांचे को मजबूत करे: दास

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को बैंकों के बोर्ड से अनैतिक व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए आंतरिक कामकाज के ढांचे को मजबूत करने को कहा।

- केवाईसी सत्यापन के बिना खाता खोलना गलत

इन अनैतिक प्रथाओं में उत्पादों की गलत बिक्री या उचित केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिये) सत्यापन के बिना खाते खोलना शामिल है। दास ने यह भी कहा कि बैंक कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहनों को सावधानीपूर्वक तय करना चाहिए, ताकि उन्हें अनैतिक व्यवहार में शामिल होने से रोका जा सके।

**सभी वित्तीय संकेतकों में सुधार हुआ**

दास ने आगे कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ऐसे दौर में है, जो अवसरों के साथ ही जोखिमों और चुनौतियों से भरा है। उन्होंने कहा, "पिछले साल मई में हमारी बैठक के बाद से सभी वित्तीय संकेतकों में सुधार हुआ है, जो बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न प्रतिभागियों के प्रयासों को दर्शाता है।"



**गलत व्यवहार से बैंक की प्रतिष्ठा को नुकसान**

दास ने यहां निजी क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों के सम्मेलन में कहा, "ऐसे व्यवहार से हालांकि अल्पकालिक लाभ हो सकता है, लेकिन आखिर में इनसे बैंक को प्रतिष्ठा को नुकसान, पर्यवेक्षी जांच और वित्तीय दंड जैसे महत्वपूर्ण दीर्घकालिक जोखिमों का सामना करना पड़ता है।"

**बैंक जुझारू क्षमता को मजबूत करे**

बैंकिंग प्रणाली की जुझारू क्षमता को बरकरार रखने के लिए गवर्नर ने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत बुनियादी बातों का लाभ उठाया जाना चाहिए। आखिरकार अच्छा समय जुझारू क्षमता को मजबूत करने और स्थायी रूप से बढ़ने का अवसर होता है।

**बैंक अपने पोर्टफोलियों की सक्रिय निगरानी करे** : दास ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बढ़ते चलन के साथ ही संगठनों को उल्लेखनीय चुनौतियों और जोखिमों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बैंकों से अपने पोर्टफोलियो की सक्रिय निगरानी करने, जिन क्षेत्रों में अधिक ऋण दिए गए हैं उनकी पहचान करने और संभावित जोखिमों तथा चुनौतियों का समाधान करने के लिए समय रहते तैयारी करने को कहा।

## घरेलू विक्रेताओं को जोड़ रहा सरकारी ई-मार्केटप्लेस

**नई दिल्ली।** सरकार का खरीद पोर्टल जीईएम भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेने वाले घरेलू विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए पंजीकरण और उन्हें जोड़ने का अभियान चला रहा है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह कहा गया। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) एक ऑनलाइन मंच है। यह विभिन्न केंद्रीय, राज्यों के मंत्रालयों, विभागों, संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पंचायतों और सहकारी समितियों की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को लेकर सुविधा प्रदान करता है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि जीईएम भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में अपने मंडप में एक व्यापक पंजीकरण अभियान चलाकर भारतीय विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को जोड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड ने जीती टी20 श्रृंखला

**ग्रोस आइलेट।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवां और आखिरी मैच बारिश के कारण पांच ओवर बाद ही रद्द होने से इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला 3-1 से जीत ली। वेस्टइंडीज ने पांचवें ओवर के आखिर में बिना किसी नुकसान के 44 रन बना लिए थे जब बारिश होने लगी। एविन लुईस 29 और शाइ होप 14 रन बनाकर खेल रहे थे। बारिश रूकती नहीं देखकर अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहले तीन मैच जीते थे जबकि वेस्टइंडीज ने चौथा मैच जीता था।

### 20 सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** डिफेंडर आमिर अली मस्कट में 26 नवंबर से होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम के कप्तान होंगे। भारत ने रिकॉर्ड चार बार टूर्नामेंट जीता (2004,2008,2015, 2023) है।



भारतीय टीम : गोलकीपर : प्रिंसदीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह। डिफेंडर : आमिर अली (कप्तान), टी प्रियब्रत, शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल इक्का, रोहित। मिडफील्डर : अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोशन कुजूर, मुकेश टोप्पो, थोकचोम किंगसन सिंह। फॉरवर्ड : गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल।

### ब्रेसवेल पर लगा एक महीने का प्रतिबंध

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल को इस साल की शुरुआत में जांच में कोकीन के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा है। प्रतिबंध का विवरण न्यूजीलैंड 'स्पोर्ट इंटीग्रिटी कमीशन' द्वारा सोमवार को पहली बार सार्वजनिक किया गया। न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट खेलने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को जनवरी में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट और वेलिंगटन के बीच घरेलू टी-20 मैच के बाद जांच में पॉजिटिव पाया गया था।



### जावेद बने पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच

**लाहौर।** पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद चैंपियंस ट्रॉफी तक सीमित ओवर क्रिकेट में पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच बनने के साथ राष्ट्रीय चयन पैनल में भी अपनी भूमिका जारी रखेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को यहां इसकी पुष्टि की। बोर्ड ने कहा कि जावेद टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे लेकिन पीसीबी इस दौरान दूसरे उम्मीदवार की तलाश जारी रखेंगा। एक अधिकारी ने कहा, 'पीसीबी का लक्ष्य 19 फरवरी से नौ मार्च तक होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक नये कोच की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने का होगा।'



### पिकलबॉल संघ ने की एनएसएफ दर्जे की मांग

**मुंबई।** भारतीय पिकलबॉल संघ ने इस महीने की शुरुआत में पहली विश्व चैंपियनशिप की सफल मेजबानी के बाद खेल मंत्रालय से राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा दिए जाने की गुजारिश की है। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के प्रमुख अरविंद प्रभू ने कहा कि मंत्रालय को एनएसएफ के दर्जे के लिए सारे दस्तावेज जमा कर दिए गए हैं और उन्हें सकारात्मक जवाब की उम्मीद है। विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप यहां 12 से 17 नवंबर तक खेली गई थी जिसमें आस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड और सिंगापुर जैसे देशों के करीब 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया।




## क्रिकेट : स्टोइनिस प्लेयर ऑफ द मैच और जॉनसन बने सीरीज के हीरो

# ऑस्ट्रेलिया ने टी20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 3-0 से रौंदा, सात विकेट से जीता मैच

एजेंसी ▶▶ होबार्ट

मार्कस स्टोइनिस की नाबाद 61 रन की तूफानी पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 3-0 से उसका सूपड़ा साफ किया। स्टोइनिस ने 27 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और पांच चौके मारे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 118 रन के लक्ष्य को 11.2 ओवर में तीन विकेट पर 118 रन बनाकर हासिल कर लिया। स्टोइनिस प्लेयर ऑफ द मैच और 8 विकेट लेने वाले स्पेंसर जॉनसन प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों में शाहीन शाह अफरीदी (एक विकेट) और हारिस राऊफ (बिना विकेट के 34 रन) ने एकतरफा मुकाबले में छह ओवर में 77 रन लुटाए। पाकिस्तान ने इससे पहले 56 रन पर अंतिम नौ विकेट गंवाए, जिससे टीम 18.1 ओवर में 117 रन पर सिमट गई। बाबर आजम (41) और हसीबुल्लाह खान (24) ही पाकिस्तान की ओर से 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित सात ओवर का पहला मैच 29 रन से जीता था जबकि दूसरे मैच में 13 रन से जीत दर्ज की थी।



### बाबर ने कोहली को पछाड़ा

बाबर इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय में विराट कोहली (4188 रन) को पीछे छोड़कर 126 मैच में 4192 रन के साथ दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज बन गए। उनसे अधिक रन सिर्फ भारत के रोहित शर्मा (159 मैच में 4231 रन) ने बनाए हैं। पाकिस्तान ने एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन टी20 में टीम लगातार जूझती रही।



## श्रीलंका ने जीती एक और श्रृंखला न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया

**पालेकल।** कुसल मेंडिस के नाबाद 74 रन की मदद से श्रीलंका ने वर्षाबाधित दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह गेंद बाकी रहते तीन विकेट से हराकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बना ली। श्रीलंका के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हो गई है। तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को खेला जाएगा। श्रीलंका ने पहला वनडे दाम्बुला में डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 45 रन से जीता था।

श्रीलंका की इस साल अपनी धरती पर वनडे श्रृंखला में यह पांचवीं जीत है। उसने अफगानिस्तान, भारत और वेस्टइंडीज को हराया था। मेंडिस ने 102 गेंद में 74 रन की मदद से श्रीलंका ने 46 ओवर में सात विकेट पर 210 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। बारिश के कारण मैच प्रति टीम 47 ओवर का कर दिया गया था। न्यूजीलैंड की टीम 45.1 ओवर में 209 रन पर आउट हो गई थी। श्रीलंका ने सात विकेट 163 रन पर गंवा दिए थे लेकिन महीश तीक्षणा (नाबाद 27) ने मेंडिस के साथ 47 रन की साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।



## साल्वी बने आरसीबी के गेंदबाजी कोच



**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को ओंकार साल्वी को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। साल्वी के मार्गदर्शन में मुंबई ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी खिताब जीता। घरेलू क्रिकेट में जाना-पहचाना नाम साल्वी इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। फ्रेंचाइजी ने ट्वीट किया, 'मुंबई के मौजूदा मुख्य कोच ओंकार साल्वी को आरसीबी का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

## जो चाहते थे वह हासिल करने में सफल

**पर्थ।** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले यहां के वाका मैदान की मुख्य पिच पर 'मैच सिमुलेशन' (मैच जैसी परिस्थितियों में अभ्यास करना) पर संतोष जताते हुए कहा कि वे इससे जो चाहते थे ,वह हासिल करने में सफल रहे। भारत ने यहां की परिस्थितियों से बेहतर तरीके से सामंजस्य बिठाने के लिए अपनी 'ए' टीम के साथ 'इंट्रा स्क्वाड' मैच को स्थगित कर अभ्यास के लिए 'मैच सिमुलेशन' का इस्तेमाल किया।



# सिनर ने जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब, फ्रिट्ज को हराया

एजेंसी ▶▶ तूरिन

इटली के यानिक सिनर ने अमेरिका टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया। श्रेष्ठ आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जाने वाले वर्ष के अंतिम टूर्नामेंट को जीतने वाले वह इटली के पहले खिलाड़ी हैं। विश्व नंबर एक सिनर इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं। इस टूर्नामेंट के ही दौरान उन्होंने विश्व नंबर एक की ट्रॉफी भी ग्रहण की थी।

सिनर और फ्रिट्ज के बीच यह हाल के महीनों में तीसरा मुकाबला था। तीनों ही मुकाबलों में सिनर को जीत मिली। दोनों के बीच यूएस ओपन का फाइनल भी खेला गया था। इस टूर्नामेंट के ग्रुप दौर में भी दोनों खिलाड़ी आमने-सामने रहे, जहां सिनर समान स्कोर 6-4, 6-4 से जीते। फाइनल में सिनर को स्थानीय दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने दोनों ही सेटों में फ्रिट्ज की एक-एक बार सर्विस तोड़ी। फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था।




### दो बार डोप पॉजिटिव

माना जा रहा था कि खिताबी मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। सिनर इस वर्ष विवादों में रहे हैं। वह दो बार डोप पॉजिटिव पाए गए, लेकिन उन्हें आरोपों से बरी कर दिया। उन्हें बरी किए जाने के मामले में वाडा ने अपील कर रखी है। जिस पर फैसला वर्ष की शुरुआत में आना है।

### टिम-केविन युगल चैंपियन

युगल का खिताब जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज ने जीता। दोनों ने फाइनल में क्रोएशिया के मैट पेविच और अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो को 7-5 (5), 7-6 (6) से हराया।

## शमी बंगाल टी20 टीम में शामिल


**कोलकाता।** रणजी ट्रॉफी के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करने वाले भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शनिवार से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए सोमवार को बंगाल की टीम में शामिल किया गया। 'एजेंसी' ने पहले बताया था कि शमी को बंगाल टी20 टीम में शामिल करना उनकी फिटनेस का पूरा आकलन करने का हिस्सा है जिससे वह शुक्रवार से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर टेस्ट श्रृंखला के बाद के मैचों में राष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकें। टखने की चोट से उबरने के बाद शमी ने एक साल के अंतराल पर प्रतिस्पर्धी मैच में वापसी करते हुए मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी मुकाबले में बंगाल की ओर से प्रभावशाली प्रदर्शन किया और सात विकेट चटकाकर अपनी टीम को सत्र की पहली जीत दिलाई।

# सात्विक और चिराग बीडब्लूएफ विश्व टूर में आज करेंगे वापसी

एजेंसी ▶▶ शेनजेन

पेरिस ओलंपिक की नाकामी को भुलाते हुए भारत की शीर्ष युगल टीम सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के जरिए वापसी करेगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक टीम सात्विक के कंधे की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर हैं। दोनों आर्कटिक ओपन, डेनमार्क ओपन और चाइना ओपन नहीं खेल सके थे।

अगस्त में मथियास बो के जाने के बाद से दोनों के पास कोच भी नहीं है। पिछली बार उपविजेता रहे सात्विक और चिराग पहले दौर में चीनी ताइपे के यांग पो सुआन और ली झे हुइ से खेलेंगे। वहीं पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से उबरकर जीत की राह पर लौटना चाहेंगे। अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद दोनों ने लंबा ब्रेक लिया था लेकिन खोया फॉर्म हासिल नहीं कर सके।




# भारत को 11वें मैच में भी नहीं मिली जीत, मलेशिया से 1-1 से खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारतीय फुटबॉल टीम को सोमवार को यहां मलेशिया ने अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में 1-1 की बराबरी पर रोक दिया जिससे टीम इस साल जीत का खाता खोलने में विफल रही। भारत के लिए यह साल का 11वां मैच था और टीम 2024 में एक भी जीत दर्ज करने में नाकाम रही। इस दौरान उसे छह मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा और पांच मैच बराबरी पर छूटे।

विश्व रैंकिंग में 133 वें पायदान पर काबिज मलेशिया ने मैच के 19वें मिनट में भारतीय रक्षापंक्ति में बिखराव का फायदा उठाते हुए बढ़त हासिल कर ली। पाउलो जोसुए ने मैच का पहला गोल किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद विश्व रैंकिंग में 125 वें स्थान पर काबिज भारत ने हमले तेज किए और टीम को इसका फायदा मैच के 39वें मिनट में मिला जब ब्रैंडन फर्नांडीस के कॉर्नर से लगाए गए किक को राहुल भेके ने हेडर की मदद से मलेशिया के गोल पोस्ट में डाल दिया। भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में हमले जारी रखे लेकिन टीम मलेशिया की रक्षापंक्ति को भेदने में विफल रही। भारत और मलेशिया के बीच यह 33वां मुकाबला था। दोनों टीमों ने इस दौरान 12-12 मैचों में जीत दर्ज की है जबकि नौ मुकाबले ड्रॉ रहे।



## आईसीसी स्पष्टता दे तो बात आगे बढ़ाएं : नकवी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने से बीसीसीआई के इनकार पर उन्हें आईसीसी से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को स्पष्ट कर दिया था कि वह अपनी राष्ट्रीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई चाहता है कि उसके मैच किसी अन्य देश में कराए जाए। पीसीबी ने 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज कर दिया है और आईसीसी से स्पष्टता मांगी है कि भारत पाकिस्तान की यात्रा क्यों नहीं करना चाहता है। भारतीय टीम ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है।

## अश्विन बेहद चतुर गेंदबाज, उससे बहुत सीखा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि विरोधी खिलाड़ी अधिकतर 'सर्वश्रेष्ठ कोच' होते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2011-12 में पहली बार उनके साथ आमना-सामना होने के बाद से उन्हें काफी कुछ 'सिखाया' है। दोनों खिलाड़ी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान खेल के लंबे प्रारूप में आठवीं बार आमने-सामने होंगे। लियोन ने कहा, 'ऐश (अश्विन) शानदार गेंदबाज है। मैं अपने पूरे करियर के दौरान उसका सामना किया है इसलिए मैंने ऐश से काफी कुछ सीखा है। वह बहुत ही चतुर गेंदबाज है और वह काफी तेजी से सीखता और सामंजस्य बैठाता है। मुझे लगता है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज ऐसा कर पाते हैं। वह अपने कौशल का इस्तेमाल अपने और टीम के फायदे के लिए करता है।'



## महिला एसीटी का सेमीफाइनल मुकाबला आज

# जापान के खिलाफ भारतीय हॉकी टीम का पलड़ा भारी

एजेंसी ▶▶ राजगीर

आत्मविश्वास से ओतप्रोत अपराजेय भारतीय टीम मंगलवार को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान के खिलाफ सही समय पर आक्रामकता और चाक चौबंद रक्षण की रणनीति के साथ उतरेगी। मौजूदा प्रदर्शन को देखें तो गत चैंपियन भारतीय टीम का पलड़ा भारी लग रहा है जिसने आखिरी लीग मैच में जापान को 3-0 से हराया था।

दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत ने पांचों मैच जीते हैं जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता और दुनिया की छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ 3-0 से मिली जीत शामिल है। भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हमें पता है कि टीम की क्या कमजोरियां और ताकत है। हमारे लिए यह टूर्नामेंट अपनी ताकत पर काम करने और आक्रमण तथा रक्षण का संतुलन बनाकर खेलने को लेकर है।

अभी तक रणनीति पर बखूबी अमल हुआ है लेकिन सेमीफाइनल की बात अलग होगी।' भारतीय टीम को आत्ममुग्धता से बचना होगा क्योंकि एक गलती भारी पड़ सकती है। छह टीमों के इस ट नर्मामेंट में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची हैं। दूसरे सेमीफाइनल में चीन का सामना मलेशिया से होगा।




### पहला 'हार्ड टेस्ट' आज टीम उसके लिए तैयार

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में अब तक अपराजेय भारतीय महिला हॉकी टीम को ग्रुप चरण में कठिन चुनौती नहीं मिलने से मुख्य कोच हरेंद्र सिंह चिंतित नहीं है और उनका मानना है कि जापान के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए उनकी टीम पूरी तरह से तैयार है। कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हम अपनी स्ट्रेंथ पर फोकस कर रहे हैं, विरोधी टीम पर नहीं। हम आक्रमण और रक्षण के संतुलन पर ध्यान दे रहे हैं। अच्छे गोल कर रहे हैं और कुछ वन टच, लांग रिसीविंग गोल तो शानदार रहे हैं।'

# खो खो विश्व कप को मिला आईओए का समर्थन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ ने अगले साल 13 से 19 जनवरी तक यहां आयोजित होने वाले पहले खो खो विश्व कप के लिए सोमवार को भारतीय खो खो महासंघ के साथ अपनी साझेदारी की पुष्टि की। आईओए ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपना 'पूरा समर्थन' देने का वादा किया है। केकेएफआई प्रमुख सुधांशु मित्तल को भेजे गये बयान में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने खो खो जैसे स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए महासंघ की मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की। उषा ने कहा, 'हम अपनी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने में इस आयोजन को महत्व को पहचानते हैं।

हम टूर्नामेंट की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खो खो महासंघ के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। एक साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य इस आयोजन को यादगार और प्रभावशाली बनाना है, प्रतिभागियों के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर में खो खो की लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।'




# महिला पर मेहरबान हुईं मां लक्ष्मी, बैठे-बिठाए मिले 12 अरब

एजेंसी ▸▸ लंदन

अगर किसी की किस्मत में अमीर होना लिखा हुआ है, तो कोई भी उसकी किस्मत नहीं छीन सकता। भले ही इंसान किसी गरीब परिवार में पैदा क्यों न हुआ हो, वो अपने हिस्से की दौलत पा ही लेगा। आपने ऐसे कई मामले देखे और सुने होंगे जब लोग बिना किसी प्रयास के ही लॉटरी जीतकर एक झटके में ही करोड़पति से लेकर अरबपति तक बन जाते हैं। आज हम आपको इससे उलट एक ऐसी महिला की कहानी सुनाएंगे, जिसके पास मां लक्ष्मी मानो चलकर पहुंच गईं। उसे कोई लाख या करोड़ नहीं, बल्कि एक झटके में 12 अरब रुपए मिल गए। आमतौर पर लोग इतने पैसे फ्री में मिले देखकर पागल ही हो जाते हैं, लेकिन इस महिला ने जो किया, वो सुनकर आप दंग रह जाएंगे।

## गाड़ी-बंगला नहीं, खरीदी 'मामूली' सी चीज़!



## जब पैसे मिले तो सबसे पहले क्या खरीदा?

जब फ्रांसिस से पूछा गया कि आपने इतने सारे पैसे मिलने के बाद सबसे पहले क्या खरीदा? इस पर उन्होंने बहुत ही शांत तरीके से बताया कि उन्होंने सबसे पहले इन पैसों से अपने लिए एक जोड़ी निकर खरीदी थी। जब फ्रांसिस की लॉटरी लगी, उसी वक्त उनके पति दक्षिणी लंदन की नई कंपनी में काम करने जाना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इरादा बदल दिया। कपल की तीन बेटियां हैं और उन्होंने अब तक 60 मिलियन पाउंड की रकम अपने परिवार और चैरिटी में दान कर दिया है।

## लॉटरी में जीत गई 12 अरब रुपए

ये कहानी एक 58 साल की महिला है, जिनका नाम फ्रांसेस कोनूली है। उत्तरी आयरलैंड की रहने वाली फ्रांसेस ने साल 2019 में 114 मिलियन पाउंड यानी भारतीय मुद्रा में 12,16,09,15,800 रुपए लॉटरी में जीते। इतना पैसा लोगों को काबू से बाहर कर देता है, लेकिन फ्रांसेस के साथ ऐसा नहीं हुआ। यूरोमिलियंस से जीती गई लॉटरी के पैसे को लेकर वे और उनके बिजनेसमैन पति पैट्रिक, हार्टलपूल में शिफ्ट हो गए। उन्होंने इस पैसे को अपनी लग्ज़री पर उड़ाने के बजाय दूसरों की मदद की और दो चैरिटेबल फाउंडेशन खड़े कर दिए।

# 1 करोड़ सैलरी, रहना-खाना छोड़िए जिम-पूल, ड्रिंक-क्लब सब मिलेगा फ्री

एजेंसी ▸▸ सिडनी

नौकरी करने के लिए लोग अपना शहर और देश तक छोड़ देते हैं। नौकरियां तो आपने तरह-तरह की सुनी होंगी. कुछ ऐसी, जो खूब मुनाफा देती हैं तो कुछ ऐसी कि मेहनत कितनी भी कर लो, सैलरी बढ़ती ही नहीं है। यही वजह है कि ज्यादा पैसे कमाने के लिए लोग कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। आज आपको हम एक ऐसी नौकरी के बारे में बताएंगे, जो एक करोड़ की सैलरी के साथ बहुत सी सुविधाएं भी ऑफर कर रही है।

**ये नौकरी मिली तो सेट हो जाएगी लाइफ!**

ये जॉब ऑफर इस वक्त सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही है। टिकटॉक पर किसी ने इस नौकरी के बारे में बताया तो सुनकर लोगों का दिमाग ही हिल गया। ये नौकरी इतनी ज़बरदस्त है कि आपको सैलरी तो अच्छी-खासी मिलेगी, बल्कि खर्चा भी ज़ीरो होगा।

## सुविधाओं की कमी नहीं

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक सोशल मीडिया पर एक **Fifotok** नाम के एक यूज़र ने अपनी नौकरी के बारे में बताया तो लोग दंग रह गए। उसने बताया कि वो एक ऑयल रिग में काम करता है। यहां पर उसे सालभर में 115,000 यानी 1 करोड़ 22 लाख रुपए से भी ज्यादा सैलरी मिलती है। अलग सीधे-सीधे कहें तो महीने 16 लाख रुपए उसे मिलते हैं। उसकी सैलरी ज्यादा इसलिए है, क्योंकि वो समुद्र में रहता है। यहां काम करने के लिए वर्कर्स को नावों से लाया जाता है।

# पानी पर तैरता है अर्जेंटीना का यह द्वीप अंतरिक्ष से देखने पर लगती है 'पृथ्वी की आंख'

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में एक रहस्यमय द्वीप है। इस द्वीप का नाम एल ओजो है, जो अर्जेंटीना के दलदली पराना डेल्टा में मौजूद एक निर्जन द्वीप है। इस द्वीप की खास बात है कि यह तैरता है। यह एकदम गोल है, जो आसमान से देखने पर किसी आंख की तरह लगता है। इसके नाम का मतलब आंख ही होता है। एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग के दौरान 2016 में फिल्ममेकर्स का ध्यान एल ओजो की तरफ गया। डायरेक्टर सर्गियो न्यूस्पिलर के नेतृत्व में दल ने द्वीप के ऊपर से उड़ान भरी।

इस दौरान उन्होंने डेल्टा की कटी हुई वनस्पति के बीच द्वीप की उपस्थिति देखी। उस समय उन्होंने एक न्यूजपेपर को बताया कि हमें एकदम सटीक गोला मिला, जैसाकि हमने आसमान से देखा। उन्होंने आगे बताया कि पानी देखने में एकदम काला लग रहा था।

# केले से डरती हैं मंत्री जी, जहां जाती हैं वहां सामने से हटा देते हैं ये फल

**स्कॉटहोम।** इस दुनिया में हर इंसान को किसी न किसी चीज से डर लगता है। कोई अंधेरे से डरता है तो कोई कीड़े-मकौड़ों से डरता है। पर क्या आपने कभी सुना है कि कोई व्यक्ति फलों से डरता हो? हाल ही में एक देश की मंत्री के बारे में जब दुनिया को पता चला, तो हर कोई हैरान हो गया। दरअसल, एक महिला मंत्री को केलों से डर लगता है। वो इतना ज्यादा डरती हैं कि उनके दौरों से पहले सामने से केला हटा दिया जाता है। उसे देखकर वो थर-थर कांपने लगती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार स्वीडन की पॉलिना ब्रैंडबर्ग इन दिनों एक फोबिया की वजह से काफी फेमस हो रही हैं। पॉलिना देश की लैंगिक समानता मंत्री हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर साल 2020 में भी अपने इस फोबिया के बारे में शेयर किया था। हालांकि, उस पोस्ट को बाद में डिलीट कर दिया गया था। उन्होंने बताया था कि उन्हें दुनिया का सबसे विचित्र फोबिया है। इस फोबिया को बनानाफोबिया (केलों का खौफ) कहते हैं।

## ई-मेल से हुआ खुलासा


स्वीडन की एक और राजनेता टेरेसा कार्वालो ने भी ट्विटर पर ये माना था कि उन्हें भी बनानाफोबिया है और वो अपनी साथी पॉलिनी की समस्या को समझती हैं। लोकल मीडिया आउटलेट एक्सप्रेसन के अनुसार उनके हाथ कुछ लीक ईमेल लगे हैं जिसमें मंत्री जी के स्टाफ ने उनके आधिकारिक दौरों से पहले केलों को सामने से हटाने के लिए कहा है। ये काफी दुर्लभ फोबिया है, पर इसमें जैसे ही पीड़ित आदमी के सामने केले देख लेता है, उसे डर लगने लगता है, एंग्जाइटी महसूस होने लगती है और आदमी थर-थर कांपने लगता है। उसे घुटन सी महसूस होने लगती है। जो ई-मेल प्राप्त हुआ है, वो एक वीआईपी लंच से जुड़ा ई-मेल था, जिसमें खाने में केलों को हटाने के लिए कहा गया है।














हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com